# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025




### पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 मत, औवसी समेत विपक्षी नेताओं के संशोधन खारिज

# वक्फ बिल लोकसभा में पास, शाह ने कहा-यह कानून संसद का, सभी को करना पड़ेगा स्वीकार

*वक्फ बिल लोकसभा में पारित हो गया। इससे पहले, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित कराने के लिए पेश किया। संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष में जमकर नोक-झोंक हुई। केंद्रीय मंत्री शाह ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह वक्फ पर प्रस्तावित कानून नहीं मानने की धमकी दे रहा, लेकिन यह संसद द्वारा पारित किया गया कानून होगा और इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा। इधर, ओवैसी ने सदन में वक्फ बिल फाड़ दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया। इसपर देर रात वोटिंग हुई, जिसमें इसे पास कर दिया गया। लोकसभा में इस विधेयक को पारित कराने के लिए एनडीए और उसकी सहयोगी पार्टियां एकजुट दिखीं, वहीं इंडिया ब्लॉक इसके विरोध में रहा। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा। लोकसभा से वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पास हो गया है। इसके पक्ष में 288 वोट पड़े हैं जबकि इसके विपक्ष में 232 वोट पड़े हैं। ऐसे में लोकसभा से वक्फ संशोधन बिल पास हो गया है। इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी ने एक और संशोधन पेश ▶▶| शेष पेज 6 पर



### शाह बोले- देश में फैलाया जा रहा भ्रम

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह साफ किया कि वक्फ में कोई भी गैर इस्लामिक सदस्य नहीं होगा। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों और फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करते हुए दो टूक कहा कि वक्फ में न तो मुतल्लवी गैर मुस्लिम होगा और न ही कोई और। उन्होंने कहा कि वक्फ एक अरबी शब्द है, जिसका इतिहास कुछ हदीसों से जुड़ा मिलता है। शाह ने जोर देकर ▶▶| शेष पेज 6 पर

### जेडीयू और टीडीपी ने आसान की सत्तापक्ष की राह




### मैं गांधी की तरह वक्फ बिल को फाड़ता हूं : ओवैसी-

एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इस विधेयक को मुस्लिमों के धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया। ओवैसी ने महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मुसलमानों को हाशिए पर डालने का हथियार : राहुल

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इसका विरोध किया है। राहुल गांधी ने इसे मुसलमानों को हाशिए पर डालने वाला बताया। राहुल गांधी ने वक्फ बिल पर चर्चा में हिस्सा नहीं लिया था।

### मौलिक अधिकारों पर हमला : गोगोई

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा में बुधवार को आरोप लगाया कि एक विशेष समुदाय की जमीन पर सरकार की नजर है। यह बिल मौलिक अधिकारों पर हमला है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा वक्फ कानून में संशोधन होने पर देश में मुकदमेबाजी बढ़ेगी।

### संसद भवन पर भी था वक्फ बोर्ड का दावा

*अल्पसंख्यक कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा, एक धारा में तो यह तक लिखा गया कि वक्फ बोर्ड का कानून किसी भी मौजूदा कानून के ऊपर रहेगा। इस देश में ऐसा कानून कैसे मंजूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली स्थित इस संसद भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स समेत कई संपत्तियों पर दिल्ली वक्फ बोर्ड का दावा था। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले 5 मार्च 2014 को उस समय की संप्रग सरकार ने आवासन और शहरी विकास मंत्रालय के अधीन 123 मुख्य संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया।*

### खास बातें

- अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश किया बिल
- मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बोला- बिल पास हुआ तो देशभर में करेंगे आंदोलन
- रायपुर में राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने वक्फ संशोधन कानून का किया स्वागत
- भोपाल में वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में आतिशबाजी
- उत्तरप्रदेश समेत देश के प्रमुख शहरों में बढ़ाई गई सुरक्षा

### अब आगे क्या

राज्यसभा में 3 अप्रैल दोपहर एक बजे वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा की जाएगी। राज्यसभा की मंजूरी के बाद बिल राष्ट्रपति के पास जाएगा। उसके बाद बिल कानून का रूप ले लेगा।

### मैराथन चर्चा के बाद रात में वोटिंग

| पक्ष में | विरोध में |
|---|---|
| एनडीए-296 | इंडिया -235 |
| भाजपा-240 | कांग्रेस-99 |
| टीडीपी-16 | एसपी-37 |
| जेडीयू-12 | टीएमसी-28 |
| शिवसेना-7 | डीएमके-22 |
| एलजेपी-5 | शिवसेना -9 |
| अन्य-16 | अन्य-40 |

## शराब घोटाले में कवासी पर अब ईओडब्लू का फंदा मिली छह दिन की रिमांड



**रायपुर।** दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के कथित शराब घोटाला मामले में ईडी के बाद ईओडब्लू ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को बुधवार को गिरफ्तार किया। कवासी लखमा से पूछताछ करने ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में आवेदन पेश किया था। पेश किए गए आवेदन के आधार पर स्पेशल कोर्ट ने कवासी लखमा को सात अप्रैल तक रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। कवासी लखमा को गिरफ्तार किए जाने पर उनके बचाव पक्ष के वकील फैसल रिजवी का कहना है कि गुरुवार को लखमा के जमानत आवेदन पर हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। इसके पूर्व ही ईआओडबलू ने सुनियोजित तरीके से कवासी से पूछताछ करने कोर्ट में आवेदन पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड हासिल की है। कवासी लखमा को ईडी ने 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद कवासी लखमा 21 जनवरी से न्यायिक रिमांड पर रायपुर सेंट्रल ▶▶| शेष पेज 6 पर

### प्रवक्ता अभय ने शांति वार्ता के लिए सात बिन्दुओं में रखी अपनी शर्त

## फोर्स के निशाने पर माओवाद, संहार के बीच नक्सली हथियार छोड़ने तैयार, बशर्ते...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश के नक्सल प्रभावित राज्यों से नक्सलवाद के खात्मे की डेड लाइन के बाद नक्सलियों में भय देखा जा रहा है। इस डेड लाइन के बाद एक बार फिर नक्सली बैकफुट में नजर आ रहे हैं। केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने सरकार के सामने शांतिवार्ता की पेशकश रखी है। तेलगु भाषा में जारी पर्चे में हैदराबाद में शांतिवार्ता के लिए हुई बैठक का जिक्र करते हुए सात बिन्दुओं में शर्त रखी है, जिस पर बातचीत का प्रस्ताव केन्द्रीय कमेटी ने सरकार के सामने रखा है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दक्षिण बस्तर दौरे के दो दिन पहले नक्सलियों के शांतिवार्ता का प्रस्ताव सामने आया है। सुरक्षाबलों की आक्रामकता को देखते हुए उन्होंने सरकार से ऑपरेशन रोकने का आग्रह किया है। माओवादियों ने शांति वार्ता के ▶▶| शेष पेज 6 पर


हरिभूमि
जारी है नक्सलियों का संहार
फोर्स ने मारे 17 नक्सली

### सैन्य अभियान बंद होते ही घोषणा

*नक्सलियों ने कहा हैए शांति वार्ता के लिए अगर सरकार उनकी पूर्व शर्तों पर सहमत होती है, तो वे बातचीत में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करते हैं। इन्हीं शर्तों के साथ सीपीआई (माओवादी) ने कहा कि जैसे ही सरकार सैन्य अभियान बंद करेगी वे युद्ध विराम की घोषणा करेंगे।*

### बातचीत के लिए तैयार, लेकिन नहीं मानी जाएंगी शर्तें



*रायपुर। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या के समाधान को लेकर सरकार पूरी गंभीरता से प्रयासरत है। राज्य सरकार किसी भी प्रकार की सार्थक वार्ता के लिए तैयार है, बशर्ते कि इसके लिए कोई शर्त न हो। उन्होंने कहा, यदि नक्सली वास्तव में मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं और बातचीत के लिए इच्छुक हैं, तो उन्हें अपने* ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नक्सली शांति वार्ता के लिए तैयार, सरकार करे विचार- बैज



नक्सलियों के शांति वार्ता के पत्र पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार को विचार करने की बात कही है। शांति वार्ता के लिए नक्सलियों की ओर से ठोस निर्णय आया है, तो इस पर विचार करनी चाहिए। किस स्थिति पर शांति वार्ता करना चाहते हैं। शांति वार्ता का मकसद क्या है? बस्तर की शांति के लिए क्या बेहतर हो सकता है, इस पर सरकार क्या सोचती है, यह निर्णय सरकार को करनी चाहिए।




### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोड़ा 'टैरिफ बम'

सबसे ज्यादा 34 फीसदी चीन का टैरिफ

## अमेरिका ने भारत पर लगाया 26 फीसदी टैरिफ, ट्रंप बोले- हम आधा ही वसूल रहे

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने इस दिन को लिब्रेशन डे का नाम दिया है। अमेरिका ने भारत पर 26 फीसदी 'जैसे को तैसा टैरिफ' लगाने का ऐलान किया। इसके साथ ही विभिन्न देशों पर अलग-अलग टैरिफ लगाया है। सबसे ज्यादा चीन पर 34 फीसदी टैक्स लगाया है। ट्रंप ने अपने पहले ही ऐलान में ऑटो सेक्टर पर 25 फीसदी टैरिफ को आज से



लागू कर दिया है। हालांकि इसका ऐलान ट्रंप पहले ही कर चुके थे। रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि ▶▶| शेष पेज 6 पर

### किस देश पर कितना टैक्स

- चीन - 34%
- स्विट्जरलैंड - 31%
- ताइवान - 32%
- भारत - 26%
- दक्षिण कोरिया - 25%
- जापान - 24%
- मलेशिया - 24%
- यूरोपीय संघ - 20%
- यूनाइटेड किंगडम - 10%

### रात 1:30 बजे भारत में शुरू हुआ नियंत्रण कक्ष

*भारत सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत सहित प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने के संबंध में की जाने वाली घोषणाओं की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। यह नियंत्रण कक्ष भारतीय समयानुसार रात 1.30 बजे शुरू हुआ।*

नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# NEW SAINIK SCHOOL
# AADHARSHILA VIDYA MANDIR

A DAY BOARDING CUM RESIDENTIAL SCHOOL, AFFILIATED TO CBSE-3330179, SCHOOL CODE: 15003

AFFILIATED TO SAINIK SCHOOL SOCIETY, NEW DELHI • MINISTRY OF DEFENCE, GOVT OF INDIA

**आधारशिला स्कूल यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र ऐसा स्कूल है, जहाँ पर बच्चों के लिए सैनिक स्कूल व स्कूल इंट्रीग्रेटेड प्रोग्राम (SIP) दोनों एक ही कैम्पस में बच्चों के लिए उपलब्ध है। जिससे बच्चों की मानसिक, शारीरिक और प्रतिस्पर्धात्मक (Competitive) विकास होगा।**

## SCHOOL+COACHING = SIP

SIP Is The Best Option For Students Holistic Development.



MUKESH SIR
MATHS FACULTY
10+ YEARS OF EXPERIENCE IN IIT/JEE



VIKAS SIR
BIOLOGY FACULTY
11+ YEARS OF EXPERIENCE NEET EXPERT



MAYANK SIR
CHEMISTRY FACULTY
5+ YEARS OF EXPERIENCE IN JEE/NEET EXPERT



SHIVAM SIR
PHYSICS FACULTY
6+ YEARS OF EXPERIENCE IN JEE/NEET EXPERT

ADMISSION OPEN
2025-26
NURSERY TO CLASS XII



SIP SCHOOL INTEGRATED PROGRAM
IN HOUSE PREPARATION FOR
JEE/NEET/NDA/CUET/CLAT/AISSEE
ADMISSIONS OPEN 2025-26 FOR SIP

SAY NO TO DUMMY ADMISSIONS
YES TO SIP

# 11वीं एवं 12 वीं के छात्रों ने अब डमी स्कूलों से की पढ़ाई तो नहीं दे पाएंगे बोर्ड एग्जाम

CBSE ने जारी किए सख्त आदेश, CBSE ने कक्षा 12वीं के छात्रों को चेतावनी देते हुए सख्त हिदायत दी है कि वे किसी भी डमी स्कूल में एडमिशन न लें वरना उन्हें बोर्ड एग्जाम में बैठने नहीं दिया जाएगा।



## आईए समझते है कि डमी स्कूल से कैसे बेहतर है SIP

### डमी (DUMMY) एडमीशन क्या है?

न्यू सैनिक स्कूल एवं आधारशिला विद्या मंदिर के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि कैसे डमी (DUMMY) से बेहतर है SIP, डमी एडमीशन का मतलब जिसमें बच्चों के द्वारा कक्षा 11वीं व 12वीं में ऐसे स्कूल में प्रवेश लेना जिसमें उन्हें स्कूल जाने की जरूरत नहीं पड़ती। इन बच्चो के द्वारा सिर्फ और सिर्फ (Competition) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जाती है। जिसमें बच्चें स्कूल की पढ़ाई, अनुशासन, स्कूली वातावरण, रिटेन प्रैक्टिस, प्रेक्टिकल जैसी चीजों से बच्चें वंचित रह जाते है, अक्सर यह निर्णय बच्चों और अभिभावकों के लिए गलत साबित होता है, जिसमें बच्चों के द्वारा बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम नहीं आ पाते।

### आइए समझते है SIP, डमी से बेहतर क्यों है?

SIP में JEE/NEET के अनुभवी शिक्षकों द्वारा स्कूल के समय में ही कॉम्पटिशन और स्कूली पाठ्यक्रम दोनों की पढ़ाई एक ही साथ कराई जाती है। जिसमें बच्चों के पास स्कूल से घर जाने के बाद प्रैक्टिस करने का समय ज्यादा मिलता है। SIP में हम एक कक्षा में अधिकतम 35 बच्चों की बैच बनाते है। ताकि शिक्षकगण के द्वारा बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा सके। SIP में बच्चें एक ही टॉपिक को बोर्ड पैटर्न के साथ प्रतियोगी परीक्षा पैटर्न में समझते है। जिससे उनका डे-टू-डे रिविजन स्कूल में ही हो जाता है। बच्चें बोर्ड लेवल के टेस्ट के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षा लेवल के टेस्ट भी दिलाते है। जिससे उनका दोनो स्तर जांचा जा सके।

### आधारशीला SIP में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाएं

**डेली प्रैक्टिस पेपर (DPP)** - DPP के साथ नियमित अभ्यास की आवश्यकता होती है, जिससे विद्यार्थी अपने ज्ञान को मजबूत बना सकते हैं।

**रेगुलर टेस्ट्स** – नियमित परीक्षण के साथ विद्यार्थी के प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है, जिससे उन्हें अपने ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिलती है।

**वन-टू-वन डाउट सेशन** - औसत विद्यार्थी का विशेष ध्यानः वन-टू-वन डाउट समाधान के साथ विद्यार्थियों को व्यक्तिगत ध्यान प्रदान किया जाता है, जिससे वे अपने ज्ञान को बढ़ा सकें।

**स्पेशली डिजाईन्ड मॉड्यूल्स** - JEE/NEET व NCERT के अनुभवी रिसर्चस के द्वारा डिजाईन की गई नोट्स। कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) एवं OMR पद्धति द्वारा टेस्ट

**रेगुलर पैरेन्टस मिटिंग** – पैरेन्टस रेगुलर स्कूल विजिट करके बच्चों की पढ़ाई और उनकी (Competition) की प्रोग्रेस पर चर्चा करते है।

### सैनिक स्कूल के फायदें

**फिजिकल और मेंटल डवलपमेंट**

**शारीरिक विकासः** बच्चों को सिखाया जाता है कि शारीरिक विकास कैसे करें और अपने शरीर को मजबूत कैसे बनाएँ।

**मानसिक विकासः** बच्चों को सिखाया जाता है कि मानसिक विकास कैसे करें और अपने मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाए रखें।

**योग और ध्यानः** बच्चों को सिखाया जाता है कि योग और ध्यान कैसे करें और अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को कैसे बनाए रखें।

**नेशनल सेंटिमेंट**

**राष्ट्रीय भावनाः** बच्चों को सिखाया जाता है कि राष्ट्रीय भावना क्या है और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को कैसे निभाएँ।

**सामाजिक कर्तव्यः** बच्चों को सिखाया जाता है कि सामाजिक कर्तव्य क्या है और समाज के लिए अपने कर्तव्यों को कैसे निभाएँ।

**टाइम मैनेजमेंट**

**प्रायोरिटी देनाः** बच्चों को सिखाया जाता है कि अपने कार्यों को प्राथमिकता दें और सबसे जरूरी कार्यों को पहले पूरा करें।

**समय की बचतः** बच्चों को सिखाया जाता है कि समय की बचत कैसे करें और अपने समय का उपयोग कैसे करें।

**विज़न ऑफ सक्सेस**

**सफलता की दिशाः** बच्चों को सिखाया जाता है कि सफलता की दिशा क्या है और अपने लक्ष्यों को कैसे प्राप्त करें।

**आत्मविश्वासः** बच्चों को सिखाया जाता है कि आत्मविश्वास क्या है और अपने आत्मविश्वास को कैसे बढ़ाएँ।

**संकल्प और उत्साहः** बच्चों को सिखाया जाता है कि संकल्प और उत्साह क्या है और अपने संकल्प और उत्साह को कैसे बढ़ाएँ।

### इस सत्र से हो रहा लागू




अधिकारियों ने कहा कि 'डमी' संस्कृति को बढ़ावा देने वाले या गैर-हाजिर छात्रों को बढ़ावा देने वाले स्कूलों के खिलाफ बोर्ड की संबद्धता और एग्जाम के नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यह मुद्दा बोर्ड की हाल ही में हुई शासकीय बोर्ड बैठक में भी उठाया गया था, जहां यह सिफारिश की गई थी कि इस फैसले को एकेडमिक सेशन 2025-2026 से लागू किया जाए। और टीम की गठन होगी और नियमित रूप से स्कूलों की निरीक्षण होगी।

**अधिकारियों/कमेटी ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए छात्रों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।**

Hostel Facility | 24/7 Security Surveillance | Transport Facility

**Information Centre at:** Sankalp Learningg Classes, Twin Plaza Front of Telephone Exchange, Agrasen Chowk, Bilaspur (C.G.)

BEHIND GOVT. ENGINEERING COLLEGE, RAMTALA ROAD KONI, BILASPUR (C.G.)

9329149641, 9329149647, 9329149648

AdPRAYAS

बिलासपुर
गुरुवार 3 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष: 25, अंक: 12
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य: 5.00***

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 37.5
न्यून. 23.0

# 117 साल बाद रजिस्ट्री को लेकर बड़ा फेरबदल, फर्जीवाड़ा हुआ तो नहीं जाना पड़ेगा कोर्ट, आईजी ही कर देंगे पंजीयन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने 117 साल पुराने 1908 के रजिस्ट्रीकरण एक्ट में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। खास बात ये है कि अगर किसी व्यक्ति ने रजिस्ट्री के समय किसी दूसरे व्यक्ति को पेश करवाकर रजिस्ट्री करवा ली है, तो ऐसी रजिस्ट्री रद्द करने का अधिकार पंजीयन महानिरीक्षक (आईजी रजिस्ट्री) ही उसे रद्द कर सकेंगे।

अब से पहले इस तरह की रजिस्ट्री सीधे निरस्त नहीं की जा सकती थी। इस तरह के फर्जीवाड़े के मामले कोर्ट में जाते थे, वहां सुनवाई होने से लेकर फैसला आने में बरसों बरस लग जाते थे। तब तक यही फर्जी रजिस्ट्री वैध बनी रहती थी। अब ऐसा नहीं होगा। राज्य सरकार ने यह बदलाव करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में लागू रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 में संशोधन ▶▶|शेष पेज 6 पर

अलग खबर

### कलेक्टर भी कर सकते हैं सिफारिश

यदि जिला कलेक्टर द्वारा स्वप्रेरणा से या उनके द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई जांच में यह पाया जाता है कि किसी सरकारी भूमि या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के स्वामित्व वाली भूमि को निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना पंजीकृत कराए गए किसी दस्तावेज के आधार पर हस्तांतरित किया गया है, तो जिला कलेक्टर ऐसे दस्तावेज के पंजीकरण को रद्द करने के लिए महानिरीक्षक पंजीयन या राज्य सरकार की अधिसूचना के माध्यम से सशक्त किए गए प्राधिकारी को सिफारिश कर सकता है। जिला कलेक्टर से ऐसी सिफारिश मिलने पर महानिरीक्षक पंजीयन या राज्य सरकार ऐसे दस्तावेज का पंजीयन रद्द कर सकेगी।

### खास बातें

- फर्जी रजिस्ट्री के मामले अब नहीं जाएंगे कोर्ट में
- सरकार ने कर लिया नियम में बड़ा बदलाव



### आईजी के आदेश के खिलाफ हो सकती है अपील

ऐसे मामले में जहां आईजी पंजीयन किसी दस्तावेज को निरस्त करते हैं या अधिसूचना के माध्यम से निरस्त किया जाता है, तो इस प्रकार के आदेश से व्यथित व्यक्ति आदेश मिलने के 30 दिनों के भीतर पंजीयन विभाग के सचिव के समक्ष अपील कर सकता है। वह जैसा उचित समझे ऐसे आदेश की पुष्टि संशोधन, या उसे रद्द करने का आदेश पारित कर सकता है।

### इस तरह होंगे निरस्त

*रजिस्ट्रीकरण एक्ट में अब ये संशोधन किया गया है कि यदि पंजीयन विभाग में उप महानिरीक्षक पंजीयन की श्रेणी से अन्यून अधिकारी द्वारा जांच करने पर ये पाया जाता है कि किसी विलेख के पंजीयन में, किसी व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति को गलत तरीके से पेश किया, उस छद्म व्यक्ति के द्वारा निष्पादन को स्वीकार किया गया है और पंजीकरण अधिकारी द्वारा किसी दस्तावेज को पंजीकृत किया गया है, और ऐसे दस्तावेज का अस्तित्व किसी अन्य के व्यक्ति के हित के लिए हानिकारक है। या किन्ही अधिनियमों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी की अपेक्षित अनुमति के बिना किसी दस्तावेज का पंजीयन हुआ है। या किसी खसरे से संबंधित दस्तावेज को जिसे राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से प्रतिबंधित किया गया हो, पंजीकरण अधिकारी के द्वारा पंजीकृत किया गया हो। ऐसी स्थिति में रजिस्ट्री रद्द कर दी जाएगी।*

### इस तरह रद्द होगी फर्जी रजिस्ट्री

इस तरह के मामलों में यदि पंजीकृत विलेखों को, विहित प्रारुप में समुचित व्यक्ति द्वारा आवेदन किए जाने पर या लोक प्राधिकारी से सूचना प्राप्त होने पर या स्वप्रेरणा पर महानिरीक्षक पंजीयन या राज्य शासन द्वारा अधिसूचना के माध्यम से सशक्त किए गए प्राधिकारी द्वार रद्द किया जा सकेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## राजा को पापुनि , राजीव अग्रवाल को सीएसआईडीसी

# 36 निगम मंडलों में नियुक्ति, सौरभ को खनिज, अनुराग को हाउसिंग, सवन्नी को क्रेडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद 36 निगम मंडलों में नई नियुक्ति की गई है। जारी सूची में विधायक नंदकुमार साहू को आरडीए, पूर्व विधायक सौरभ सिंह को खनिज विकास निगम और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सूची में कई पुराने नेताओं को एक बार फिर नियुक्ति दी गई है।*

राज्य सरकार द्वारा जारी सूची में जिन नेताओं को निगम मंडल में नियुक्ति दी गई है, उनमें भूपेंद्र सवन्नी को अध्यक्ष, छग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास निगम, लोकेश कावड़िया को अध्यक्ष छग निःशक्त जन वित्त एवं विकास निगम, मोना सेन को अध्यक्ष राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड, गौरी शंकर श्रीवास को उपाध्यक्ष राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड, शालिनी राजपूत को अध्यक्ष राज्य समाज कल्याण बोर्ड, चंद्रक्रांति वर्मा को उपाध्यक्ष राज्य समाज कल्याण बोर्ड, डॉ. वर्णिका शर्मा को अध्यक्ष राज्य बाल कल्याण बोर्ड, राकेश पाण्डेय को अध्यक्ष छग खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, शम्भू नाथ चक्रवर्ती को अध्यक्ष छग माटीकला बोर्ड, सौरभ सिंह को राज्य खनिज विकास निगम, अमरजीत सिंह छाबड़ा को अध्यक्ष छग राज्य अल्पसंख्यक कल्याण आयोग, सुरेंद्र कुमार बेसरा को अध्यक्ष अंत्यावसायी सहकरी वित्त एवं विकास निगम, जितेंद्र कुमार साहू ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर

### एक और सूची आएगी

राज्य सरकार ने अभी कई विभागों के निगम मंडल में नियुक्ति नहीं की है। इसे देखते हुए यह कहा जा रहा है कि जल्द ही निगम मंडल की एक और सूची जारी हो सकती है। इनमें ब्रेवरेज कार्पोरेशन सहित कई अन्य निगम मंडल शामिल हैं।

### कई पुराने लोगों को मिली नियुक्ति

निगम मंडल में जिन भाजपा नेताओं को नियुक्त किया गया है, उनमें से आधा दर्जन से अधिक लोगों को एक बार फिर निगम मंडल में नियुक्त किया गया है।


भूपेंद्र सवन्नी


सौरभ सिंह


अनुराग सिंहदेव


राजा पांडेय


रामप्रताप सिंह


संजय श्रीवास्तव

### प्रदेश के पूर्व विधायकों को भी नियुक्ति

जारी सूची में चार पूर्व विधायकों को भी निगम में नियुक्त किया गया है। इनमें सौरभ सिंह, राम सेवक पैकरा, चंदूलाल साहू सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।



### प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- इतनी बड़ी जिम्मेदारी स्वीकार नहीं

निगम मंडल में नियुक्तियों के बाद असंतोष के स्वर उठने लगे हैं। छग केश शिल्पी बोर्ड में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने सोशल मीडिया में लिखा है कि प्रदेश सरकार ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मेरे कंधों में सौंपी है, लेकिन इस उठाने में असमर्थ हूं, इसलिए पद स्वीकार्य नहीं है। संगठन के कार्यकर्ता के रूप में ही ठीक हूं।

### रायपुर का दबदबा 12 नाम शामिल

*राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के निगम, मंडल और आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की पहली सूची जारी की है। बुधवार को देर रात जारी सूची में राजधानी रायपुर के नेताओं का दबदबा रहा। सूची में प्रदेश के 36 नेताओं के नाम हैं, जिनमें से 25 जनप्रतिनिधियों को पहली बार निगम, मंडल अथवा आयोग की कुर्सी सौंपी गई है। 11 ऐसे हैं जिन्हें निगम, मंडल में काम करने का पुराना अनुभव रहा है। रायपुर के जिन नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है उनमें संजय श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल, केदार गुप्ता, संदीप शर्मा, नंदकुमार साहू, दीपक महस्के, लोकेश कावड़िया, मोना सेन, गौरीशंकर श्रीवास, अमरजीत छाबड़ा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा और शशांक शर्मा शामिल है। सूची में किसी भी विधायक को पद नहीं दिया गया है मगर हर क्षेत्र में अपनी सक्रियता दिखाने वाले जनप्रतिनिधियों को निगम, आयोग, मंडल का अध्यक्ष उपाध्यक्ष का पद देकर साधने का प्रयास किया गया है।*

# एलओसी पार करने की कोशिश,सेना ने मार गिराए पांच घुसपैठिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सेना ने पांच पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। घटना पुंछ में नियंत्रण रेखा पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई। एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी।



दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी, जिसमें पांच घुसपैठियों मारे गए।भारतीय सेना ने एक बार फिर पाकिस्तान को घुटनों पर ला लिया है। पाकिस्तानी सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में घुसपैठ की कोशिश की है। हालांकि, भारतीय सेना ने पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया। सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पाकिस्तानी सेना द्वारा घुसपैठ की कोशिश की तो भारतीय सेना ने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें 5 घुसपैठियों को मार गिराया। सेना ने बताया कि पुंछ जिले के कृष्णा घाटी इलाके में घुसपैठ की कोशिश की गई है। मंगलवार को पाकिस्तानी सैनिकों और घुसपैठियों ने गोलीबारी की, जिसके बाद भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी साइड को भारी नुकसान हुआ है। हाल के महीनों में यह पहली बार है जब सेना ने पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन की पुष्टि की है।

### पाकिस्तान सेना ने की गोलीबारी

रक्षा प्रवक्ता ने कहा, 1 अप्रैल को एलओसी के पार पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ के कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। इसके बाद पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के गोलीबारी की गई और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। हमारे सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित तरीके से प्रभावी ढंग से जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी आज थाईलैंड का करेंगे दौरा

**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचेंगे। इस दौरान वह थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ वार्ता करेंगे और छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी का थाईलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।



### कार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी, 4 की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले में बरला-बसेड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार के ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। इससे एक परिवार के दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों में मेरठ जिले की निवासी खुशनुमा (35), सानिया (15), तैयबा (3) और मिरहा (2) शामिल हैं।



### नीलकंठ महादेव मंदिर मामले की सुनवाई 21 को

**बदायूं।** नीलकंठ महादेव मंदिर और शम्सी जामा मस्जिद से संबंधित विवाद की स्थानीय अदालत में जारी सुनवाई न्यायाधीश के स्थानांतरण के कारण बुधवार को स्थगित कर दी गई। न्यायमूर्ति अमित कुमार का तबादला भदोही कर दिया गया है और उनकी अदालत रिक्त है, इसलिए मामले की सुनवाई 21 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी गई है।



### कॉमेडियन अपूर्वा ने इंस्टाग्राम से हटाए पोस्ट

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से सभी पोस्ट हटा दिए हैं। अपूर्वा 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के विवादास्पद एपिसोड में शामिल कॉमेडियन में से एक हैं। सोशल मीडिया पर 'द रिबेल किड' के नाम से मशहूर मखीजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से सभी पोस्ट डिलीट कर दिए।



### गैराज में लगी आग 11 कारें जलकर खाक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-24 इलाके में बुधवार तड़के एक गैराज में आग लगने से 11 कारें जलकर खाक हो गईं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की नौ गाड़ियां भेजी गईं। बुधवार तड़के लगभग तीन बजे द्वारका इलाके के धुल सिरस स्थित एक गैराज में आग लगने की सूचना मिली। सुबह चार बजकर पांच मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया।



**हाईकोर्ट ने पूछा**

# घर बनवाने का ठेका ले लिया है क्या, डीजे पर रोक क्यों नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

डीजे की तेज आवाज से छज्जा गिरने से बच्चे की मौत मामले में हाईकोर्ट ने गंभीर माना है। प्रकरण को जनहित याचिका मानकर सुनवाई की जा रही है। बुधवार को सुनवाई के दौरान एडवोकेट जनरल प्रफुल्ल एन भारत ने कहा कि डीजे की आवाज से नहीं, बल्कि डीजे के टकराने से छज्जा गिरा है। इस पर चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने कहा कि क्या आपने घर बनवाने ठेका ले लिया है। साथ ही बिलासपुर कलेक्टर को शपथपत्र पेश करने का आदेश दिया है। अब इस केस की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। ध्यान रहे कि मामले में वाहन चालक और डीजे संचालक को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि 30 मार्च को मल्हार के केंवटपारा में डीजे की तेज आवाज से छज्जा गिरने से 4 बच्चे समेत ▶▶|शेष पेज 6 पर

- डीजे की तेज आवाज से छज्जा गिरने से बच्चे की मौत, हाईकोर्ट ने जनहित याचिका स्वीकार की

### स्टेट बार कौंसिल का चुनाव 30 सितंबर को

बिलासपुर। स्टेट बार कौंसिल का चुनाव चार साल बाद 30 सितंबर 2025 को होगा। बार कौंसिल आफ इंडिया ने हाईकोर्ट में इस बारे में शपथ पत्र पेश कर दिया है। इसमें कहा गया है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में इसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। इसके साथ प्रारंभिक मतदाता सूचि जारी कर दी जाएगी और इस पर आपत्ति भी अप्रैल के पहले सप्ताह में ही ली जाएगी। नोटिफिकेशन के 120 दिनों के भीतर अंतिम वोटर लिस्ट जारी होगी। एक अगस्त से 14 अगस्त तक चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया होगी तो 16 अगस्त से 23 अगस्त कर स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### नाइस पाल्यूशन एक्ट के तहत क्या कार्रवाई हुई

एडवोकेट जनरल ने भी कोर्ट में कहा कि डीजे वाली गाड़ी अंदर घुस रही थी तो वो टकरा गई जिससे छज्जा गिरा है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि आपने घर बनवाने का ठेका ले लिया है क्या। एडवोकेट जनरल की ओर से इस पर कहा गया कि मकान मालिक ने जो रिपोर्ट लिखाई है उसी के आधार पर यह कहा जा रहा है। इस पर चीफ जस्टिस ने पूछा कि नाइस पाल्यूशन एक्ट के तहत क्या कार्रवाई हुई है। एडवोकेट जनरल की ओर से कहा गया कि डीजे संचालक और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विधायक देवेंद्र सहित अन्य आरोपियों पर आरोप तय

**बलौदाबाजार आगजनी मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार आगजनी हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित छह अन्य लोगों पर आरोप तय हो गया है। इस संबंध में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा के न्यायालय में सभी धाराओं पर आरोप तय कर दिए गए हैं। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा ने पूरे मामले का अवलोकन करने के उपरांत भिलाई विधायक सहित इस मामले में शामिल 6 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। मामले में विधायक देवेन्द्र ▶▶|शेष पेज 6 पर



### इन पर ट्रायल शुरू

जानकारी के अनुसार बुधवार न्यायालय ने इस मामले में अभियुक्तगण भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित मोहन बंजारे, किशोर नवरंगे, दिनेश कुमार चतुर्वेदी, राजकुमार सतनामी, नितेश उर्फ निक्कू टण्डन, ओमप्रकाश बंजारे एवं दीपक घृतलहरे पर आज आरोप तय कर दिए गए और इस मामले की ट्रायल शुरू हो गया है।

## जगुआर क्रैश, ट्रेनी पायलट की मौत



**जामनगर।** गुजरात के जामनगर वायुसेना स्टेशन के पास बुधवार रात भारतीय वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान एक गांव में प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना कालावड रोड पर सुवरदा गांव के पास हुई। इस हादसे में एक ट्रेनी पायलट की मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल है। क्रैश के बाद प्लेन कई टुकड़ों में बंट गया।

# लोन नहीं मिलने पर बैंक में डाका, 17 किलो सोना ले उड़े

एजेंसी ▶▶| दावणगेरे

देश में चोरी-डकैती के अजब-गजब मामले सामने आते हैं, लेकिन ये मामला बेहद ही चौंकाने वाला है। इसमें एक शख्स ने सिर्फ इसलिए बैंक में डकैती डाल दी, क्योंकि बैंक ने उसका लोन रिजेक्ट कर दिया था। डकैती के लिए वह शख्स इतना ज्यादा डेडिकेट था कि उसने वारदात को अंजाम देने से पहले 15 बार वेब सीरीज 'मनी हाइस्ट' देखी। मामला कर्नाटक के दावणगेरे जिले की न्यामती तालुका का है। यहां रहने वाले विजय कुमार ने इंटरनेट पर कई वीडियो ▶▶|शेष पेज 6 पर



### 6 महीने तक की बैंक की रेकी

पुलिस के मुताबिक डकैती डालने से पहले आरोपियों ने 6 महीने तक बैंक की रेकी की। इस दौरान दिन के साथ-साथ रात में भी आरोपी बैंक पर निगरानी रखते थे। सार्वजनिक छुट्टियों के दिन तो बैंक की विशेष निगरानी की जाती थी। वहीं, 6 महीने निगरानी करने के बाद उन्होंने वारदात को अंजाम दिया।

## प्रदेश में एक साल में हुई 18 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि

# जीएसटी से कमाई बढ़ाने में छग देश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य ने कुल 16,390 करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व संग्रह कर देशभर में सबसे अधिक 18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ को जीएसटी राजस्व वृद्धि के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर है। इस क्रम में महाराष्ट्र 16 प्रतिशत और तमिलनाडु 15 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

मार्च 2025 में छत्तीसगढ़ को एसजीएसटी मद में 1,301.09 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई, जो कि मार्च 2024 की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक है। यह पहली बार है जब राज्य ने इसके संग्रह में 1000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया है। मार्च 2025 में ही आईजीएसटी मद में 756.73 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में कुल जीएसटी संग्रह 2,057.82 करोड़ रुपए रहा, जो मार्च 2024 के 1,443.66 करोड़ रुपए की तुलना में 43 प्रतिशत की प्रभावशाली मासिक वृद्धि दर्शाता है। जीएसटी आने के बाद छत्तीसगढ़ ने पहली बार एक माह में कुल जीएसटी राजस्व में 2000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया है।

खास खबर

### भविष्य में एआई निगरानी प्रणाली

*जीएसटी विभाग द्वारा सेक्टर आधारित विश्लेषण और इंटर डिपार्टमेंटल डेटा का उपयोग करते हुए 49 संभावित कर अपवंचन क्षेत्रों की पहचान की गई जिससे 101 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया गया। जीएसटीआर-7 रिटर्न दाखिल करवाकर इनके सप्लायर्स से 37 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व एकत्रित किया गया। जीएसटी विभाग अब डिजिटल ट्रैकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी प्रणाली को लागू करने की तैयारी कर रहा है।*



### नॉन-फाइलर्स पर नियंत्रण

रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले व्यापारियों की निरंतर निगरानी एवं संवाद के माध्यम से बड़ा सुधार हुआ है। नॉन-फाइलर्स की संख्या 15 प्रतिशत से घटकर मात्र 6 प्रतिशत रह गई है। 28,000 से अधिक व्यवसायों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिनमें से 4, 252 फर्मों, जो कुल फर्मों का लगभग 15 प्रतिशत को फर्जी पाया गया। इससे कर अपवंचन पर प्रभावी अंकुश लगा। डेटा एनालिटिक्स के आधार पर 313 मामलों में लेखा पुस्तकों की जांच कर 45.13 करोड़ रुपए की वसूली की गई। वहीं, 77 प्रतिष्ठानों की तलाशी/निरीक्षण से 47.35 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्त हुई।

चिंतन

# वक्फ संशोधन न धार्मिक हस्तक्षेप, न असंवैधानिक

वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है और न ही असंवैधानिक है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम अस्तित्व में आएगा, जिसके बाद वक्फ बोर्ड के लिए संपत्ति प्रबंधन करना आसान हो जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 लोकसभा में पेश किया गया है, जिसके बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। सरकार ने इसे सुधारात्मक कदम बताया है तो विपक्ष इस बिल को मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप बताकर इसका तीखा विरोध कर रहा है। सरकार के मुताबिक इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, जटिलताओं को दूर करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रबंधन शुरू करना है। विपक्षी दलों ने इसे असंवैधानिक और मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ बताया है। दीगर बात तो यह है कि पहली बार नहीं है, जब वक्फ कानून में संशोधन हो रहा है। देश में पहला वक्फ अधिनियम 1954 में बनाया गया था। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का गठन किया गया था। 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1995 में नया वक्फ कानून बनाया गया था। इसके तहत राज्यों को वक्फ बोर्ड गठन की शक्ति दी गई। वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन किया और धारा-40 जोड़ी गई। मौजूदा वक्फ अधिनियम की धारा-40 वक्फ बोर्ड और ट्रिब्यूनल को किसी संपत्ति को अपनी जमीन घोषित करने की ताकत देता है। इसके तहत बोर्ड को रिजन टू बिलीव की ताकत मिली है। वक्फ बोर्ड को यह तय करने का अधिकार है कि कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं। अभी तक वर्ष 1955 में, वर्ष 1995 में और वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन हो चुका है या कानून बदला गया है। यह संसद से हुआ है, इसलिए मौजूदा संशोधन असंवैधानिक नहीं है। संसद को इसमें बदलाव करने का अधिकार है। देशभर में वक्फ बोर्ड के पास आठ लाख एकड़ से अधिक जमीन है। 2009 में वक्फ बोर्ड के पास कुल 4 लाख एकड़ जमीन थी। 16 वर्ष में जमीन दोगुणी हो गई, कैसे?। देश में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं। हर राज्य में एक वक्फ बोर्ड है। यूपी और बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड भी हैं। वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है। वक्फ न्यायाधिकरणों की अभी तक कोई न्यायिक निगरानी नहीं है। इसके चलते कई दुरूपयोग की खबरें आईं। पंजाब वक्फ बोर्ड ने पटियाला में शिक्षा विभाग की जमीन पर दावा ठोक दिया। तमिलनाडु के एक गांव थिरुचिंथुरई पर ही वक्फ ने दावा ठोक दिया, जिससे समूचे गांव के किसान परेशान हुए। वर्ष 2024 में बिहार के गोविंदपुर गांव पर भी वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया। यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। केरल के एर्नाकुलम में 600 ईसाई परिवार की पुश्तैनी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। कर्नाटक के विजयपुरा में 15000 एकड़ जमीन पर राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फ जमीन घोषित कर दी। वक्फ अधिनियम केवल एक धर्म पर लागू होता है। किसी अन्य धर्म के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है। किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के संविधान में ऐसा कानून संविधान की भावना का उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में वक्फ बोर्ड की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाए गए थे। नए वक्फ विधेयक के बाद धारा-40 खत्म हो जाएगी और वक्फ की मनमानी पर रोक लगेगी। कोई भी कानूनी बोर्ड धार्मिक आधार पर फैसले नहीं कर सकता है। वक्फ एक्ट में संशोधन संवैधानिक है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# भारत के नए वैश्विक व्यापार समीकरण

भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की जीवीसी में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, स्टील, लेदर व फुटवियर आदि शामिल हैं।

यकीनन 2 अप्रैल से लागू डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारत नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 से 29 मार्च तक नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, सोलर पीवी, कैपिटल गुड्स, स्टील, फूड प्रोसेसिंग, लेदर व फुटवियर, फार्मास्युटिकल्स, टेलीकाम उपकरण और एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं।

गौरतलब है कि भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, लम्बे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दो, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ विचार मंथन किया जाए। तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। पिछले दिनों 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। खास बात यह कि पिछले 10 वर्षों से प्रस्तावित और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता वार्ता को अब शीघ्रतापूर्वक महज 60 दिन में पूर्ण करना भी सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। ऐसे में भारत ने



ईयू की तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण करने के मद्देनजर रणनीति तय की है।

यह उल्लेखनीय है कि इस समय जब दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं, तब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत जून 2024 से आगे बढ़ी व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूर्ण करने और व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यदि हम पलटकर देखें तो पाते हैं कि गत वर्ष 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत शामिल हुआ और इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भी हुई। विगत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 22 सितंबर को न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। इसी तरह विगत 16 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ नई दिल्ली में लाभदायक द्विपक्षीय वार्ता की। अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष दिसंबर में की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी आगामी माह अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। इन सबके साथ-साथ जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं अब भारत द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका के टैरिफ लगाए जाने की योजना का भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। विभिन्न नई शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह बताया गया है कि ट्रंप की टैरिफ योजना से भारत के कुल निर्यात में महज 3 से 3.5 फीसदी गिरावट आ सकती है। निर्यात की इस कमी को मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों से अधिक निर्यात के माध्यम से पूरा किया जा सकेगा।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया में सबसे अधिक 6.5 से 7 फीसदी विकास दर और सर्विस एक्सपोर्ट की वैश्विक राजधानी का तमगा हासिल करते हुए मजबूत घरेलू बाजार और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पाद की ताकत के मद्देनजर दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और नए मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता के दौरान शुरुआत से ही शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर प्राथमिकता के साथ बातचीत करने और द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को शीघ्रता से अंतिम रूप देने की नई रणनीति के अच्छे परिणाम बहुत जल्द सामने आते जाएंगे और वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ते हुए दिखाई देगी। ऐसे में भारत टैरिफ चुनौतियों के बीच विभिन्न देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए भी दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

डिजिटल युग
डॉ. ज्योत्सना शर्मा



# साइबर क्राइम की रोकथाम है ज़रूरी

आज के डिजिटल युग में, हम बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और डिजिटल दुनिया के साथ सामंजस्य बिठा रहे हैं। औद्योगीकरण के युग में मानव समाज ने बड़ी सहजता से प्रौद्योगिकी को अंगीकृत किया है। हमारे पास अलग-अलग तकनीकें हैं, साधन हैं जो हमारे घरेलू और कामकाजी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई हैं, जैसे ऑडियो और वीडियो प्रौद्योगिकी, जीपीएस और लोकेशन सर्विस, अलग-अलग नेटवर्क, 4जी और 5जी क्लाउड सर्विस, स्मार्ट होम, साइबर सुरक्षा और आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात कृत्रिम मेधा। इन सभी तकनीकों ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ ही हम कुछ गंभीर मुद्दों का सामना भी कर रहे हैं जैसे कि तेज़ी से बढ़ते हुए साइबर अपराध। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के अनुसार, दुनियाभर में अनुमानित 4.1 बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए, इंटरनेट सुरक्षा संबंधी खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध को किसी भी गैरकानूनी कार्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां कंप्यूटर या संचार उपकरण या कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग अपराध करने या उसे सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है। साइबर बेईमानी, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन, फ़िशिंग, फिरौती, बाल शोषण, डेबिट/क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, क्रिप्टो जैकिंग कुछ प्रचलित साइबर अपराध के प्रकार हैं। इन अपराधों का समाज और व्यक्ति पर विभिन्न तरीकों से गहरा प्रभाव पड़ता है। इनमें से किसी भी प्रकार का साइबर अपराध किसी व्यक्ति, कंपनी और संगठन को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सूचनाओं में हेरफेर करके आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम भी हो रहा है जिससे उन्माद भड़क जाते हैं और आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। साइबर अटैक तनाव और मानसिक दबाव पैदा करते हैं, जो किसी को भी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। 'क्राइम इन इंडिया' एनसीआरबी (स्त्रोत) के द्वारा प्रकाशित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार वर्ष 2020-2022 के दौरान साइबर अपराधों के तहत 65893 मामले(सीआऱ) दर्ज किए गए।साइबर अपराधों के लिए धोखाधड़ी के तहत वर्ष 2020-2022 के दौरान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार 17470 मामले (सीआर) दर्ज किए गए। I4C ने सक्रिय रूप से डिजिटल अरेस्ट के लिए उपयोग किए जाने वाले 3,962 से अधिक स्काइप आईडी और 83,668 व्हाट्सएप खातों की पहचान करके उन्हें ब्लॉक किया। भारत सरकार द्वारा 28.02.2025 तक पुलिस अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट किए गए 7.81 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,08,469 आईएमईआई को ब्लॉक कर दिया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने इस मुद्दे को उच्च प्राथमिकता पर लिया और देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना करके एक पहल की। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार करके साइबर अपराधों से निपटने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था। मुख्य उद्देश्य देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करना है, ताकि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध से लड़ा जा सके और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान करना, ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायतों को आसानी से दर्ज किया जा सके और साइबर अपराधों को रोकने के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। साइबर फोरेंसिक जांच, साइबर हाईजीन, साइबर अपराध विज्ञान आदि के क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण में राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना। हम प्रौद्योगिकी को नकार नहीं सकते; हमें इसके साथ चलना होगा। कई तकनीकी संसाधनों के साथ, अब डिजिटल डिवाइड नहीं है और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और रचनात्मकता के कई उदाहरण देख रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, चिकित्सा हो, ई-कॉमर्स हो आदि। ई-उद्यमिता आर्थिक विकास को गति दे रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति वैश्विक स्तर पर उत्पाद का विपणन और ब्रांडिंग करने के लिए डिजिटल कौशल का उपयोग कर सकता है। लेकिन अगर हम खुद को डिजिटल रूप से जागरूक रखते हैं, तो हम किसी भी तरह के साइबर अपराध से बच सकते हैं।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शारीरिक-मानसिक शुद्धिकरण का उपाय है उपवास



संकलित
दर्शन

हिंदू धर्म का पवित्र चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुकी है। नवरात्रि आत्मशुद्धि और साधना का अवसर है। इस दौरान उपवास, ध्यान और पूजा से मनुष्य अपने अंदर की नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित कर आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक चेतना के उच्चतर स्तर की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दुर्गा की साधना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपवास करेंगे। उपवास से शरीर और मन की शुद्धि होती है, जिससे ध्यान और साधना में एकाग्रता बढ़ती है। हाल ही में उपवास की चर्चा केवल नवरात्रि तक सीमित नहीं रही। उपवास एक अलग संदर्भ में भी चर्चा का विषय बना, जब प्रसिद्ध अमरीकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षात्कार लेने से पहले 45 घंटे तक उपवास किया। घोर भौतिकवादी समाज से आने वाले फ्रीडमैन ने इसे सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यह उपवास उनके लिए पीएम मोदी के साथ संवाद का सम्मान करने और उच्चतर 'आध्यात्मिक स्तर' तक पहुंचने का एक उपाय था। यह घटना दर्शाती है कि उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। उपवास आध्यात्मिक उन्नति और आत्म-अनुशासन का भी एक सार्वभौमिक साधन है, जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया जा रहा है। पश्चिमी वैज्ञानिक और दार्शनिक भी अब उपवास के लाभों को समझ रहे हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति में उपवास, जिसे लंघन के नाम से भी जाना जाता है, को बहुत महत्व दिया जाता है।

# आपके भीतर की मनःस्थिति ही है खुशी का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

दुनिया की सभी शिक्षाएं महान खुशी पाने की बात करती हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यही वह चीज है, जिसे हर कोई आखिरकार खोज रहा है। खुशी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि हमारे पास क्या है या क्या नहीं है, यह बस एक मनःस्थिति है। यह ऐसी चीज नहीं है जिसे आप खरीद सकते हैं, यह पहले से ही आपके भीतर है, यहीं और अभी। हम जो कुछ भी बाहर चाहते हैं वह पहले से ही हमारे भीतर है। जीवन में हमेशा कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो हमें परेशान करती हैं। इसे माया कहते हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई आपसे प्यार करता है, तो यह परेशानी हो सकती है और अगर वह आपसे प्यार नहीं करता, तो यह भी परेशानी है। दोस्त और दुश्मन दोनों ही परेशानी का कारण हो सकते हैं। इसलिए यह संकल्प लेना जरूरी है, चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी खुशी नहीं खोऊंगा। भले ही आपको व्यापार, रिश्तों या जीवन के किसी भी दूसरे पहलू में नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन आपको अपनी खुशी नहीं खोनी चाहिए। यह आपके विकास का एक पैमाना है। जब आप खुशी के स्त्रोत पर जाते हैं, तो आपकी इंद्रियां मजबूत हो जाती हैं, आपका मन संतुष्ट हो जाता है और चीजें आपके पक्ष में होने लगती हैं। परफेक्ट होने के बारे में तनाव न लें। अगर आप परफेक्शन पर बहुत ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप गुस्सा महसूस करेंगे। दुनिया अपूर्ण लग सकती है, लेकिन अंदर से सब कुछ परफेक्ट है। परफेक्शन छिपा हुआ है, जबकि अपूर्णता दिखाई देती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सेक्टर के लिए भी हो उचित पेंशन का प्रावधान

सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू की है। इससे सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे इस पर सभी के अपने अपने विचार हो सकते हैं लेकिन समय के साथ साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों की लगभग बेसिक वेतन के लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। सरकारों से यह अनुरोध है कि वो प्राइवेट सेक्टर में काम, रोजगार करने वाले लोगों के बुढ़ापा सुरक्षित करने के लिए भी कोई अच्छी सी पेंशन योजना अमल में लाए।

*- रमेश चौधरी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सहकारी शिक्षा



अब सहकारी शिक्षा भारतीय शिक्षा व पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनेगी और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से देशभर के प्रशिक्षित युवा सहकारी क्षेत्र को अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और आधुनिक युग के अनुकूल बनाएँगे।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भाषा विवाद गलत



जो लोग संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के नाते यह भाषा विवाद खड़ा कर रहे हैं, उनका राजनीतिक उल्लू सीधा तो हो सकता है, लेकिन, वो रोजगार पर प्रहार कर रहे हैं। इसीलिए वो राज्य पिछड़ते जा रहे हैं।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### विपक्षी दल एकजुट



सभी विपक्षी दल एकजुट हैं और वक्फ संशोधन विधेयक पर मोदी सरकार के असंवैधानिक और विभाजनकारी एजेंडे को हराने के लिए संसद में मिलकर काम करेंगे।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### नंदघर का सपना



जब नंदघर का सपना देखा था, सिर्फ एक ही सोच थी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और पोषण मिले, हर महिला के हाथ में रोज़गार हो। आज, 15 राज्यों में 8000 से अधिक नंदघरों के साथ, 3 लाख से ज़्यादा बच्चों का भविष्य संवर रहा है और 2.5 लाख महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हैं।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### खालिदा जिया अप्रैल मध्य में बांग्लादेश लौट सकती हैं



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है और उनके अप्रैल के मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर में पार्टी के एक नेता के हवाले से दी गई। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जिया (79) अप्रैल के मध्य में स्वदेश लौटेंगी, लेकिन यह अभी भी निश्चित नहीं है। बीएनपी नेता ने यह भी कहा कि लंदन में जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है, जहां वह अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं। आलमगीर के हवाले से कहा गया, 'आज (रविवार) वहां ईद मनाई जा रही है। वह आठ साल बाद अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं।' यह जिया का लंदन में तीसरी ईद है, इससे पहले वह 2017 और 2015 में ईद के मौके पर लंदन में ही रही थीं। इस बीच, लंदन से यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश से बात करते हुए जिया के निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि बीएनपी नेता जिया के स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से जिया घर पर ही उपचार करा रही हैं।

## ऑफ बीट

### बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान



सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है। अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com






# भारत न होता तो कभी चांद पर न पहुंचती दुनिया

नई दिल्ली। चांद पर पहुंचने की होड़ लगी है, अमेरिका, रूस चीन और भारत ये चार देश ऐसे हैं जो चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग कर चुके हैं। बेशक इस होड़ में भारत चौथे स्थान पर रहा, लेकिन अगर भारत न होता तो बाकी तीनों देश कभी चांद पर नहीं पहुंच पाते। सुनने में भले ही ये अटपटा लगे, लेकिन ये ऐसा सच है जिसे दुनिया भी मानती है। दरअसल, एक समय ऐसा था जब न चांद से धरती की दूरी के बारे में अंदाजा था और न ही इसकी गणना करने का तंत्र, मगर भारत के महान गणितज्ञ आर्यभट्ट ने दशमलव की खोज करके ये गणना आसान कर दी थी। दशमलव ही वो खोज थी, जिसने दुनिया के कई देशों के लिए चांद पर पहुंचने का रास्ता बनाया।

## स्पेस विज्ञान में क्या है दशमलव



### आर्यभट्ट ने की दशमलव की खोज

आर्यभट्ट भारत के महान गणितज्ञ थे, जिन्होंने संख्यायों को लिखने का तरीका विकसित किया और दशमलव की खोज की। उन्होंने ही 1, 10, 100 और 1000 जैसी संख्याओं को लिखने का तरीका विकसित किया था। उनके अलावा भी ब्रह्मगुप्त. आचार्य रामानुजम, शकुंतला देवी जैसे महान गणितज्ञ हुए हैं, जिन्होंने दुनिया को गणित में बहुत कुछ दिया है।

### सटीक गणना

स्पेस से संबंधित जो भी गणनाएं हैं वे बहुत ही सटीक होना जरूरी है, ऐसा दशमलव से ही संभव है। क्योंकि, किसी भी अंतरिक्ष अभियान में गलती की कोई गुंजाइश नहीं होती। ऑर्बिट की स्थिति, उपग्रहों की गति, रॉकेट में ईंधन की मात्रा, लैंडिंग साइड समेत तमाम चीजों की गणना दशमलव से ही की जाती है। उदाहरण के लिए अगर चांद पर कोई मिशन भेजा गया, उसमें एक दशमलव की भी गलती हुई तो वो मिशन को असफल कर सकती है।



### नेविगेशन में महत्व

किसी भी स्पेस यान और सैटेलाइट की ऑर्बिट निर्धारित करने के लिए न्यूटन और कैपलर के नियमों के आधार पर गणनाएं होती हैं। इनमें भी दशमलव सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यदि इसमें गलती हुई तो स्पेसक्राफ्ट अपने लक्ष्य से भटक जाएगा और मिशन बेकार जाएगा।

**समय की गणना :** स्पेस में समय की गणना नैनो सेकंड में होती है। नैनो सेकेंड यानी 0.000000001 सेकंड तक इसकी गणना करना दशमलव के बिना संभव ही नहीं है। इसके अलावा ट्रांसमिशन में भी दशमलव का बहुत महत्व है।

### रॉकेट साइंस और फ्यूल

किसी भी रॉकेट को उसके लक्ष्य के हिसाब से तय समय पर ही लॉन्च किया जाता है, मसलन अगर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक कोई रॉकेट जाएगा तो ये देखा जाएगा कि यह स्पेस स्टेशन धरती के सबसे करीब कब होगा। इस लिहाज से रॉकेट को उस समय पर लॉन्च किया जाएगा, कि जब तक ये आईएसएस तक पहुंचे तब तक स्पेस स्टेशन धरती के करीब हो, इसकी गणना के लिए जो मैथड अपनाया जाता है वह दशमलव के बिना संभव नहीं।

## रोचक खबरें



### सस्ती हवाई यात्रा के लिए 'प्रेग्नेंट' हुई महिला, सफर के दौरान ऐसे बचा लिए पैसे

**नई दिल्ली।** किसी भी महिला के लिए प्रेग्रनेंसी सबसे इंपोर्टेंट फेज होता है और इस दौरान उसे ख्याल की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। हालांकि, कुछ लोग होते हैं जो इस टाइम को मजाक समझकर छोटी-छोटी चालाकी करते हैं। इसी तरह की एक कहानी इन दिनों सामने आई है, जहां एक महिला ने खुद को सिर्फ इसलिए प्रेग्रेंट किया ताकि वो फ्री में हवाई जहाज में सफर कर सके। इस कहानी को जब उसने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया तो वह लोगों के बीच फौरन वायरल हो गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ग्रेस हेल नाम की एक महिला ने हाल ही में इंग्लैंड से स्कॉटलैंड जाने वाली रयानएयर की फ्लाइट पर अपने पैसे को बचाने के लिए ये तरीका अपनाया। इसको लेकर उसने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उसने बताया कि उसने कुछ जैकेट को ओवरकोट के नीचे छिपाकर गर्भावस्था के दौरान बेबी बंप फ्लांट करने का नाटक किया। डलास, टेक्सास की 20 वर्षीय हेल ने व्हाट्स ने बताया कि मुझे ऐसा काम करने में डर तो लग रहा था, लेकिन ये चीज मेरे लिए काफी ज्यादा मजेदार थी। अपनी तस्वीरों को पोस्ट कर हेल ने बताया कि मैंने ये काम इसलिए किया. क्योंकि मैं फ्लाइट वालों के एक्सट्रा लगगेज चार्ज से काफी ज्यादा परेशान हो गई थी। इस स्टंट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की तो टिकटॉक पर 1.2 मिलियन से अधिक यूजर ने इसे देखा। अपनी इस कहानी को शेयर करते हुए कहा कि अपने तरीके से खुद को 26 वीक प्रेग्नेंट लेडी में तब्दील किया।

### खैनी की शौकीन थी अमीर प्रेमिका, रगड़ने के स्टाइल पर फिदा था रईस प्रेमी, तोहफे में दी बेशकीमती चुनौटी!

**नई दिल्ली।** आपने अक्सर सुना होगा कि दो अलग-अलग मिजाज के लोग अच्छी जोड़ी बनाते हैं। लेकिन, कई बार राम मिलाई जोड़ियां भी काफी सक्सेफुल होती है। लड़के और लड़की के कई गुण मिल जाते हैं, जिससे जिंदगी साथ काटने में काफी आसानी होती है। सोशल मीडिया पर ऐसे ही दो लवर्स की लव स्टोरी खूब चर्चा में है। अमीर लड़की और रईस लड़के के प्यार में एक चीज कॉमन निकली। वो थी दोनों की खैनी खाने की आदत। खैनी लवर्स का ये वीडियो लोगों को हंसने पर मजबूर कर रहा है। जब अपनी खैनी खाने वाली प्रेमिका को अमीर प्रेमी ने तोहफा देने का फैसला किया तो लोग भी उसकी क्रिएटिविटी के दीवाने हो गए। खैनी खाने वाली अपनी प्रेमिका के लिए प्रेमी ने चांदी की चुनौटी बनवा दी। जब शख्स ने ये अद्भुत तोहफा अपनी प्रेमिका को दिया तो वो भी इसे पाकर फूले नहीं समाई। आमतौर पर आपने मर्दों को ही खैनी खाते देखा टोगा। तंबाकू की पत्तियों को सुखाकर अच्छे से हाथ पर घिसकर खैनी तैयार की जाती है।



### 52 साल से खाना नहीं खाया, पानी और कोल्ड ड्रिंक पर जिंदा है ये महिला

**लंदन।** क्या कोई 52 साल तक खाना छोड़कर सिर्फ पानी और कोल्ड ड्रिंक पर जिंदा रह सकता है? यह सुनकर ही हैरानी होती है। लेकिन, ऐसा ही एक मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि वियतनाम के क्वांग बिन्ह प्रांत के लोक निन्ह गांव में रहने वाली 77 साल की महिला बुई थी लोई ने ऐसा ही कुछ कारनामा किया है। इनकी कहानी किसी चमत्कार से कम नहीं है। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि 77 की उम्र में भी वो चुस्त-दुरुस्त दिखती हैं। उनका दावा है कि उन्होंने पिछले 52 साल से एक दाना तक नहीं खाया। सिर्फ पानी और कोल्ड ड्रिंक ही उनकी जिंदगी का सहारा है। ये अजीब कहानी तब शुरू हुई, जब 1963 में उनके ऊपर बिजली गिरी और इसके बाद उनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई।



# लकवाग्रस्त लोगों के लिए बाजार में आ गई चिप, एलन मस्क की कंपनी को पछाड़ कौन बना ब्रेन चिप का किंग?

वॉशिंगटन। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारियों में शुमार एलन मस्क की कंपनी ने जब इंसानों में ब्रेन चिप लगाने का खुलासा किया था। उन्हें उम्मीद भी नहीं रही होगी कि एक दिन उनके इस मिशन को भी कोई कंपनी पीछे छोड़ देगी और यही हुआ भी। अब ब्रेन चिप की दुनिया में एक बड़ी जंग छिड़ी है। एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक तो इस रेस में थी ही, लेकिन अब इसमें चीन और जेफ बेजोस-बिल गेट्स की कंपनी भी कूद पड़ी है। अब सवाल ये है कि इस जंग में कौन आगे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क की न्यूरालिंक अभी पीछे चल रही है, जबकि बेजोस और गेट्स की बैकिंग वाली कंपनी सिंक्रोन ने इस ब्रेन चिप बनाने के मिशन में बाजी मार ली है।

### चीन की तेज रफ्तार, एक साथ तीन मरीजों को लगाई चिप

उधर, चीन ने इस रेस में सबको चौंका दिया है। बीजिंग की चाइनीज इंस्टीट्यूट



फॉर ब्रेन रिसर्च और न्यूसाइबर न्यूरोटेक ने मिलकर 'बेनाओ नंबर 1'नाम की ब्रेन चिप बनाई है। पिछले एक महीने में तीन मरीजों में ये चिप लगाई जा चुकी है और इस साल 10 और लोगों में लगाने की तैयारी है। सीआईबीआर के डायरेक्टर लुओ मिनमिन ने कहा कि 2026 में हम बड़े टेस्ट शुरू करेंगे, जिसमें 50 मरीज होंगे. चीन की सरकारी मीडिया ने वीडियो दिखाए, जिसमें लकवाग्रस्त लोग इस चिप से रोबोटिक हाथ चलाकर पानी डाल रहे हैं और अपने दिमाग से स्क्रीन पर लिख भी रहे हैं।

### ब्रेन चिप की पहल मस्क की कंपनी ने स्टार्ट किया

एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक सबसे पहले से ब्रेन चिप बना रही है। जो लकवाग्रस्त लोगों को अपने दिमाग से चीजों को कंट्रोल करने की ताकत देती है। पिछले साल जनवरी में नोलैंड अर्बॉ जो पूरी तरह लकवाग्रस्त हैं, वह इस कंपनी के मरीज बने. नोलैंड ने हाल ही में बताया कि उन्हें कोई साइड इफेक्ट नहीं हुआ, ना शारीरिक ना मानसिक. न्यूरालिंक अब 'ब्लाइंडसाइट' नाम की चिप पर काम कर रही है, जो अंधे लोगों को देखने की ताकत दे सकती है। मस्क का कहना है कि ये चिप इस साल किसी इंसान में लगाई जाएगी।बंदरों पर टेस्ट कामयाब रहा और वो सब ठीक हैं। लेकिन, अभी इसे इंसानों में टेस्ट करने में वक्त लगेगा।



### एलन की कंपनी न्यूरालिंक में क्या है खास?

न्यूरालिंक की चिप बाकियों से अलग है। ये दिमाग के अंदर लगाई जाती है, ताकि सिग्नल सबसे साफ मिलें। लेकिन, इसमें सर्जरी का रिस्क ज्यादा है। वहीं, सिंक्रोन और चीन की चिप दिमाग की सतह यानी ऊपर पर लगती हैं। इनमें दिमाग को नुकसान का खतरा कम है, पर सिग्नल थोड़ा कमजोर मिलता है।



### बेजोस और गेट्स की सिंक्रोन

अमेरिका में न्यूरालिंक अकेली नहीं है। सिंक्रोन नाम की कंपनी इस रेस में सबसे आगे है। इसके 10 मरीज हो गए हैं, जिसमें 6 अमेरिका में और 4 ऑस्ट्रेलिया में हैं। इस कंपनी में जेफ बेजोस और बिल गेट्स ने पैसा लगाया है। न्यूरालिंक के तीन मरीजों के मुकाबले सिंक्रोन कहीं आगे है। सिंक्रोन की चिप से लोग अपने दिमाग से टेक्नोलॉजी को कंट्रोल कर सकते हैं, वो भी बिना ज्यादा रिस्क लिए हुए।



### इस रेस में कौन बना विजेता?

फिलहाल सिंक्रोन बेजोस और गेट्स की कंपनी 10 मरीजों के साथ आगे है। इसके बाद चीन जो 13 मरीजों के साथ काम कर रहा है। न्यूरालिंक के तीन मरीज हैं और उसकी रफ्तार धीमी दिख रही है। बेजोस और गेट्स की बैकिंग से सिंक्रोन इस रेस में सबसे आगे तो है, लेकिन जिस तरह चीन इस रेस में काम कर रहा है, अब यह जंग और रोमांचक हो गई है। यह तो अब आने वाला साल बताएंगा कि ब्रेन चिप का बादशाह कौन बनेगा!

# चांद से टकरा सकता है खतरनाक एस्टेरॉयड धरती को लेकर वैज्ञानिकों ने कही ये बात

वॉशिंगटन। एस्टेरॉयड को धरती के लिए खतरा माना जाता है। कहा जाता है कि अगर पृथ्वी से एस्टेरॉयड की टक्कर होती है, तो तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों ने कई बार इस तरह की संभावनाएं जताई कि पृथ्वी से एस्टेरॉयड की टक्कर हो सकती है, लेकिन कभी ऐसी घटना नहीं हुई। वैज्ञानिकों ने अब एक एस्टेरॉयड की खोज की है, जिसके धरती से टकराने का कोई खतरा नहीं है, लेकिन यह चंद्रमा से टकरा सकता है।



### चांद से हो सकती है टक्कर

जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री और रिपोर्ट के सह-लेखक एंड्रयू रिवकिन ने जानकारी दी 2032 में एस्टेरॉयड के चंद्रमा से टकराने की लगभग दो फीसदी संभावना अभी भी बनी है। जेडब्ल्यूएसटी के डेटा से जानकारी मिलती है कि 2024 वाईआर4 पृथ्वी के लिए खतरा नहीं है। चंद्रमा से इसकी टक्कर डरावनी हो सकती है। अगर 2024 वाईआर4 चंद्रमा से टकराता है, तो यह शोधकर्ताओं के लिए एक अनोखा मौका होगा, क्योंकि वो एक ज्ञात एस्टेरॉयड को वास्तविक समय में एक नए गड्ढे का निर्माण होते हुए देख सकेंगे।

### डर से जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का इस्तेमाल

इस एस्टेरॉयड का रास्ता अक्सर धरती के रास्ते को पार करता है। इससे टक्कर होने की संभावना है। अगर इसकी पृथ्वी से टक्कर होती है, तो पूरे शहर में तबाही मच सकती है, जो हिरोशिमा पर गिरे 500 बमों के बराबर होगा। शोधकर्ताओं का अनुमान था कि 2024 वाईआर4 के पृथ्वी से टकराने की संभावना 3.1 फीसदी थी, जो इस आकार के वस्तु के लिए सबसे ज्यादा संभावना थी।





### टक्कर हिरोशिमा पर गिरे 500 बमों के बराबर

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप इसे मई 2025 में फिर देखेगा। इससे पहले कि एस्टेरॉयड अगले कई सालों के लिए बाहरी सौर मंडल में लापता हो जाए। खगोलविदों ने पहली बार दिसंबर 2024 में एस्टेरॉयड 2024 वाईआर4 को खोज था। जमीन-आधारित टेलीस्कोप के साथ प्रारंभिक अवलोकनों से जानकारी मिली है कि यह करीब 180 फीट (55 मीटर) व्यास का है। करीब पिसा की झुकी हुई मीनार जितना चौड़ा है।

### शोधकर्ताओं ने क्या कहा?

शोधकर्ताओं ने अपनी शुरुआती रिपोर्ट में 22 दिसंबर, 2032 को 2024 वाईआर4 का पृथ्वी से टकराने की संभावना को खारिज कर दिया है। हालांकि, इस समय चंद्रमा से एस्टेरॉयड के टकराने की संभावना अभी शून्य नहीं है।

# क्या भारत में भी आ सकता है म्यांमार जैसा भूकंप? आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिक ने कह दी ये बड़ी बात

**नई दिल्ली।** म्यांमार और बैंकॉक में भूकंप से भारी तबाही मची है। इस भूंकप की मूल वजह सागाइंग फॉल्ट है। आईआईटी कानपुर के अर्थ साइंसेज विभाग के प्रोफेसर जावेद मलिक ने कहा कि सागाइंग फॉल्ट बेहद खतरनाक है। सिलिगुड़ी में गंगा-बंगाल फॉल्ट है। इन दोनों फॉल्ट के बीच कई अन्य फॉल्टलाइंस हैं। ऐसे में इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है कि एक फॉल्ट की सक्रियता किसी दूसरे फॉल्ट को ट्रिगर न कर दे। इससे भारत को भी खतरा है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोफेसर जावेद मलिक ने कहा कि सागाइंग एक बेहद पुराना फॉल्ट है। उन्होंने बताया कि उत्तर पूर्व का शियर जोन अराकान से अंडमान और सुमात्रा तक के सबडक्शन जोन का एक हिस्सा है। जमीन के ऊपर सगाइंग फॉल्ट नजर आता है। सागाइंग पर जापान के और यूरोप के विशेषज्ञों ने काम किया है। अध्ययनों से जानकारी मिलती है कि यहां भूकंपों की आवृत्ति 150-200 साल है, यानी इतने वर्ष में एक बार शक्तिशाली भूकंप आता है। प्रो. मलिक ने कहा कि बड़े भूकंपों का इंतजार नहीं करना चाहिए। हिमालय में कई सक्रिय फॉल्ट लाइनें हैं। सभी ने फ्रंटल पाट्र्स पर काम किया है, लेकिन ऊपर भी फॉल्ट लाइनें हैं।

### अस्तित्व बचाने को इस देश के पास हैं सिर्फ 20 साल वरना महाभूकंप निगल जाएगा 300000 लोग!



**टोक्यो।** म्यांमार और थाईलैंड में आए भीषण भूकंप अब भी डरावनी याद बनकर लोगों के अंदर जिंदा है। कुछ ही घंटों के अंदर 2 हजार से ज्यादा लोग इस भूकंप की बलि चढ़ गए थे। अब दुनिया के एक और देश में बड़े भूकंप का अलर्ट आया है। इस अलर्ट को लोग महाभूकंप भी कह रहे हैं। क्या है कांपती धरती का ये खतरनाक सिग्नल और किस देश पर लटक रही है महाभूकंप की तलवार, आइए इसके बारे में पूरी डिटेल जानते हैं। कुछ ही घंटों के अंदर रिक्टर स्केल पर 7.7 की तीव्रता के भूकंप ने म्यांमार और थाईलैंड को अंदर तक थर्रा कर रख दिया। थाईलैंड में रेस्क्यू रिलीफ चल रहा है, लेकिन म्यांमार में अब तक सिर्फ और सिर्फ मौत का आंकड़ा ही गिना जा रहा है। धरती के अंदर टाइम बम की तरह बैठे भूकंप का अगला खतरा मंडरा रहा है थाईलैंड के पड़ोसी देश जापान में। जापान में एक महाभूकंप की भविष्यवाणी की गई है। महाभूकंप या मेगा क्वेक उस भूकंप को कहा जाता है, रिक्टर स्केल पर जिसकी तीव्रता 8 से ज्यादा होती है।

02- APR- K&C- MAIN- Pg- 6 RAJDHANI_Layout 1 4/3/2025 12:14 AM Page 1



घटना इतनी दर्दनाक कि सिर सड़क के दूसरी छोर पर कटकर गिरा

# तेज रफ्तार स्कूटी डिवाइडर के एंगल से टकराई, किशोरी का सिर धड़ से अलग

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक किशोरी का सिर धड़ से अलग हो गया। किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी सवार दो किशोरियों को मामूली चोटें आई हैं। घटना बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे संतोषी नगर से कमल विहार जाने वाले मार्ग पर हुई है। स्कूटी चला रही युवती रफ्तार पर लगाम नहीं लगा पाई और स्कूटी डिवाइडर से जा टकराई। डिवाइडर से स्कूटी टकराने के बाद डिवाइडर में लगे एंगल में किशोरी का सिर फंस गया और कटकर फुटबाल की तरह उछल गया और सड़क के दूसरे छोर पर फेंका गया।

चौरसिया कालोनी निवासी 17 वर्षीय आलिया खान अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ स्कूटी से कमल विहार की तरफ घूमने के लिए निकली थी। संतोषी नगर से बोरियाखुर्द जाने वाले मार्ग पर श्री राम चौक के पास तेज रफ्तार स्कूटी का बैलेंस बिगड़ा और स्कूटी लहराते हुए रोड किनारे बने डिवाइडर से टकरा गई। इससे स्कूटी सवार तीनों लड़कियां नीचे गिर गईं। नीचे गिरने के साथ ही स्कूटी चला रही आलिया का सिर डिवाइडर के एंगल में फंस गया और सिर धड़ से अलग होकर सड़क के दूसरे किनारे में फुटबाल की तरह उछलकर फेंका गया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

■ स्कूटी में तीन लड़कियां सवार थीं, कमल विहार की तरफ सैर करने निकली थीं




घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत तथा बचाव कार्य करने के साथ पुलिस तथा डॉयल-108 को घटना की जानकारी दी। आलिया के साथ गई लड़कियां अपनी सहेली का कटा सिर देख बदहवास हो गईं। मौके पर उपस्थित लोगों ने आलिया की दोनों सहेलियों को घटना स्थल से दूर ले जाकर पानी पिलाने के साथ उन्हें सांत्वना देते रहे। मौके पर पहुंची पुलिस को घायल लड़कियों ने आलिया के परिजनों के बारे में किसी तरह जानकारी दी। आलिया के साथ गई लड़कियां घटना के बाद बुरी तरह से डरी हुई थीं। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन आलिया को देखने अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर उन्हें अपनी बेटी के मरचुरी में होने की जानकारी मिली। परिजनों को एक्सीडेंट की जानकारी मिलने और अपनी बेटी के जिंदा नहीं होने की जानकारी मिलने पर उनका रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों की स्थिति देख विवेचना के लिए पहुंची पुलिस देर शाम तक परिजनों से किसी तरह की पूछताछ नहीं कर पाई। घटना के बाद मौके का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, उसके मुताबिक एक दोपहिया के आगे निकलने के कुछ सेकंड के अंदर एक तेज रफ्तार स्कूटी आती दिख रही है। स्कूटी की रफ्तार तय गति सीमा से ज्यादा है। स्कूटी सड़क पर अचानक से लहराती है और रोड किनारे के डिवाइडर में जाकर टकरा जाती है।

# हाईकोर्ट के तीन जस्टिस का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया गया, ली शपथ





बिलासपुर। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के तीन एडिशनल जज के कार्यकाल को एक वर्ष के लिए बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इनमें जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल शामिल हैं। हाईकोर्ट में तीन जस्टिस ने एडिशनल जज के पद की शपथ ली। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने कोर्ट हाल में उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान हाईकोर्ट के सभी जस्टिस उपस्थित थे। ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार की विधि एवं विधायी कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा 26 मार्च को उपरोक्त नियुक्ति के संबंध में एक वर्ष की नई अवधि के लिए अधिसूचना जारी की गई है। उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ताएं, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, अधिवक्ता, रजिस्ट्री, ज्युडिशियल एकेडमी, विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक अधिकारी उपस्थित थे। ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 20 मार्च 2025 को इनके नामों की सिफारिश की थी। केंद्र ने इसे 26 मार्च को मंजूरी दी थी। ज्ञात हो कि जस्टिस सचिन सिंह राजपूत को बार से पदोन्नत कर मई 2022 में नियुक्त किया गया था। इसके साथ ही जस्टिस राधा किशन अग्रवाल अगस्त 2022 में अतिरिक्त न्यायाधीश बने। इससे पहले वे जिला एवं सत्र न्यायाधीश थे। कॉलेजियम ने अप्रैल 2024 में दोनों के कार्यकाल को एक साल बढ़ाने की सिफारिश की थी। केंद्र ने मई 2024 में मंजूरी दी थी। यह कार्यकाल इस साल के अंत में खत्म हो रहा है। अब कॉलेजियम ने फिर से एक साल के विस्तार की सिफारिश की है। इसके अलावा जस्टिस संजय कुमार जायसवाल को अप्रैल 2023 में हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। वे पहले विभिन्न न्यायालयों में न्यायिक अधिकारी और हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रह चुके हैं।

## ज्योतिषी ने सलाह दी तो अपना सरनेम सिदार से नायक करने युवक पहुंचा हाईकोर्ट, खारिज हुई याचिका

बिलासपुर। सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास करने वाले युवक ने 10 साल बाद सरनेम बदलने की मांग को लेकर याचिका दायर की। वह अपना सरनेम सिदार से नायक कराना चाहता था। मामले की सुनवाई के दौरान पता चला कि, युवक केवल ज्योतिषी के कहने पर सरनेम बदलना चाहता है। जिस पर हाईकोर्ट ने कहा कि, ज्योतिषी की सलाह कानूनी आधार नहीं हो सकती। लिहाजा, कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। याचिका के मुताबिक भिलाई निवासी अमित सिंह सिदार ने सेक्टर-6 स्थित एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 24 मई 2005 को 10वीं और 23 मई 2007 को 12वीं की परीक्षा पास की थी। उसकी अंकसूची में नाम अमित सिंह सिदार और पिता का नाम बसंत सिंह सिदार दर्ज है। 10 साल बाद 2016 में अमित और उसके पिता ने सरनेम बदलने के लिए ओडिशा के झारसुगुडा कोर्ट में हलफनामा दिया। इसके बाद ओडिशा, कटक के राजपत्र में 18 मार्च 2016 और 26 अप्रैल 2016 को नए नाम प्रकाशित कराए। इसके बाद 4 नवंबर 2017 को अमित ने स्कूल के प्राचार्य को आवेदन देकर 10वीं और 12वीं की मार्कशीट में सरनेम बदलने की मांग की। प्राचार्य ने उसके आवेदन को सीबीएसई बोर्ड को भेज दिया। 9 जनवरी 2018 से उसका आवेदन लंबित था। इस दौरान सीबीएसई बोर्ड ने उसके आवेदन पर सरनेम बदलने से इनकार कर दिया।

### सीबीएसई ने भी आवेदन अस्वीकार किया

इस पर अमित ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। हाईकोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए याचिकाकर्ता को सीबीएसई बोर्ड में अभ्यावेदन देने की छूट दी। इसके बाद अमित ने सीबीएसई के सामने अभ्यावेदन पेश किया। जिसे 17 अक्टूबर 2018 को खारिज कर दिया गया। इसके खिलाफ उसने फिर से हाईकोर्ट में याचिका लगाई। सुनवाई के दौरान याचिका में कहा गया कि, एक ज्योतिषी की सलाह पर उसने सरनेम बदलने का फैसला लिया। इस पर कोर्ट ने कहा कि, याचिकाकर्ता ने 2005 और 2007 में परीक्षा पास की। 2017 में नाम बदलने का आवेदन दिया। याचिका में नाम बदलने का कोई वैध कारण नहीं बताया गया। सिर्फ ज्योतिषी की सलाह को आधार बनाया गया। यह कानूनी आधार नहीं है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

# सीडी कांड : 7 साल पुराने मामले में एनएसयूआई सचिव को जेल

**सीडी कांड में पूर्व सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में सरोना में रोकी थी ट्रेन, यूथ कांग्रेस के महासचिव को भी जेल, दो घंटे बाद मिली जमानत**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

आठ साल पुराने मामले में न्यायालय के आदेश पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा एवं यूथ कांग्रेस के महासचिव भावेश शुक्ला को बुधवार को जेल भेज दिया गया। हालांकि उन्हें 2 घंटे बाद ही जमानत मिल गई। शाम 7 बजे दोनों की रिहाई कर दी गई। 2018 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सीडी कांड में जेल भेजा गया था।

जेल भेजे जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा सरोना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई थी। 2018 के इस मामले में सुनवाई करते हुए दोनों कांग्रेस नेताओं को न्यायालय से जेल भेजा गया। गिरफ्तारी के 2 घंटे बाद सेशन कोर्ट ने इन्हें जमानत दे दी।

### कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

रिहाई के बाद देर शाम कार्यकर्ताओं द्वारा सेंट्रल जेल के बाहर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा, तत्कालीन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को जब झूठे प्रकरण पर जेल भेजा गया था। इसके विरोध में हमने रेल रोकी थी। आने वाले समय में भी हम कांग्रेस के कार्यकर्ता केंद्र की सरकार एवं राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। दोनों ही कार्यकर्ताओं पर रेल अधिनियम के अंतर्गत धारा 174 ए और 147 लगाई गई थी। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव से पहले सीडी कांड में पूर्व सीएम की गिरफ्तारी के बाद प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन हुए थे। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई भी इस विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा थी।

## दान दाताओं का सम्मान करेंगे मुख्यमंत्री

रायपुर। नयी पीढ़ी को दान के महत्व से अवगत कराने दान का महत्व बताने दानदाताओं का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री, रायपुर दक्षिण विधायक व रायपुर महापौर की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा पुरानी बस्ती स्थित नवनिर्मित दाऊ अग्रवाल भवन में सम्मान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी को अपने पूर्वजों के दिए दान के बारे में या तो जानकारी कम है या बिल्कुल भी नहीं पता है। आज भौतिकवादी युग के पीछे भागते युवा को शायद यह नहीं पता है कि उनको उनके पूर्वजों ने आज की कीमत के हिसाब से 1000 करोड़ से ऊपर की संपत्ति दान की और अपने शहर और समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल आदि के लिए अस्पताल कॉलेज तालाब और कुआं का निर्माण करवाया। 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन के दाऊ अमृष कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल भवन में सम्मान के माध्यम से उन लोगों को सामने लाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

## डीके अस्पताल में शुरू नहीं हो सका किडनी प्रत्यारोपण, एम्स अब हार्ट ट्रांसप्लांट की तैयारी में

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीके अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण शुरू करने की योजना अब तक कागजों से बाहर नहीं पाई है। वहीं राज्य के निजी अस्पताल के साथ एम्स लाइव और ब्रेनडेड मरीजों से मिले 50 गुर्दा प्रत्यारोपण कर चुका है। वहां हार्ट ट्रांसप्लांट की तैयारी शुरू की जा चुकी है। इसके लिए डाक्टरों को अन्य स्टाफ को चेन्नई में ट्रेनिंग दी जा रही है। अंग एवं उतक प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए संचालित सोटो कार्यालय डीके अस्पताल परिसर से संचालित होता है, मगर यहां प्रत्यारोपण की सुविधा अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

डीके अस्पताल में प्रत्यारोपण के लिए आवश्यक सुविधा जुटाने के लिए कई बार राशि स्वीकृत की गई है, मगर मामला इससे आगे नहीं बढ़ पाया है। यहां केवल स्किन बैंक का संचालन होता है, जिसमें मिलने वाली त्वचा का उपयोग प्लास्टिक सर्जरी विभाग में किया जाता है।

# 10वीं की परीक्षा में साले को भेजा, दोनों गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर थाना क्षेत्र में ठगी का अनोखा मामला सामने आया है, जहां 10वीं की ओपन परीक्षा में एक युवक खुद न जाकर फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' की तर्ज पर अपने साले को भेज दिया, लेकिन उसकी चालाकी काम नहीं आई और स्कूल प्रशासन की सतर्कता से परीक्षा कक्ष में ही फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हो गया। पुसौर पुलिस ने आरोपी जीजा-साले को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। दरअसल मामला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला का है। जहां 1 अप्रैल की सुबह 9 बजे से 12 बजे तक कक्षा 10वीं की विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित थी। परीक्षा कक्ष क्रमांक 1 में पर्यवेक्षक जब उपस्थिति पत्रक की जांच कर रहे थे, तभी उन्हें एक परीक्षार्थी पर शक हुआ।

जब प्रवेश पत्र में लगी फोटो और परीक्षा दे रहे युवक के चेहरे का मिलान किया गया, तो स्पष्ट हो गया कि दोनों की अलग-अलग लोग हैं। इसके बाद परीक्षा केंद्र के प्राचार्य कामता नाथ तिवारी ने तत्काल थाना पुसौर को मामले की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने खुद को अमन सारथी पिता पंचराम सारथी (18) निवासी सराईपाली, थाना कोतरारोड बताया।

### धरमजयगढ़ से पकड़ाया मास्टर माइंड जीजा

असली परीक्षार्थी यादराम सारथी फरार मिला तो पुलिस ने तत्काल उसकी तलाश शुरू की और धरमजयगढ़ में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यादराम ने स्वीकार किया कि वह परीक्षा में पास होने के लिए अपने साले अमन को प्रलोभन देकर अपनी जगह बैठाया था। पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर थाना पुसौर में अमन सारथी और यादराम सारथी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं जांच में छत्तीसगढ़ मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम 1937 की धारा 04 भी जोड़ी गई, जो परीक्षा में धोखाधड़ी और प्रतिरूपण से जुड़ी गड़बड़ियों पर लागू होती है। पुलिस ने इस मामले में शिक्षा अधिकारी का आदेश पत्र, परीक्षा का टाइम टेबल, परीक्षार्थी उपस्थिति पत्र, आरोपी की उत्तर पुस्तिका और मोबाइल से ली गई तस्वीरें जब्त कर ली हैं।

## हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत, लिवर की बीमारी में वृद्धि की आशंका

रायपुर। नवजात शिशुओं सहित हाई रिस्क श्रेणी के लोगों को संक्रमण से बचाने वाले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत हो गई है। इसकी वजह से लिवर से संबंधित विभिन्न रोगों के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका जताई जा रही है। एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने वैक्सीन की वजह से भविष्य में होने वाली परेशानी पर चिंता जताई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर समस्या दूर करने की मांग की है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं महासचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि यह वैक्सीन हेपेटाइटिस-बी से होने वाले संक्रमण को रोकती है, जो लिवर को प्रभावित करता है। यह समस्या ज्यादा दिनों तक रहने पर कैंसर जैसी गंभीर समस्या का कारण बन जाता है। यह वैक्सीन नवजात शिशुओं, हेल्थ वर्करों के साथ पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को लगाई जाती है। स्वास्थ्य से संबंधित मामले में यह वैक्सीन काफी महत्पूर्ण है।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र/283/अ.वि.अ./खाद्य-शाखा/2025 बिलाईगढ़ दिनाँक 01/04/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत ग्राम पंचायत कोट में शासकीय उचित मूल्य दुकान आई.डी. कमांक 442007079 का संचालन किया जाना है।

अत: इच्छुक संस्था जैसे कि ग्राम पंचायत/महिला स्व सहायता समूह/प्राथमिक कृषि साख समितियां/अन्य सहकारी संस्थाएं/राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम/वन सुरक्षा समितियां से निर्धारित प्रपत्र अनुसार आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है कि इच्छुक संस्था/महिला अपने पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र इस कार्यालय में दिनांक 15/04/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन-पत्र इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आज दिनांक 01 / 04 / 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

टीप :-आवेदन-पत्र इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलाईगढ़

जी-252600009/1

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

धौरपुर, दिनांक 01/01/2025

क्रमांक/265/खाद्य/अ.वि.अ./2025 :: एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राता के शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन शीला महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। अध्यक्ष/सचिव शीला महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रस्ताव पारित कर उल्लेख किया है कि वे उचित मुल्य दुकान राता का संचालन करने में असमर्थ हैं।

अत: ग्राम पंचायत राता के उचित मुल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक एजेंसी जो छ0ग0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत संचालन हेतु पात्र हैं, वे अपना आवेदन पत्र विहित प्रारूप में सम्पूर्ण विवरण एवं दस्तावेज यथा पंजीयन प्रमाण पत्र, प्रस्ताव, कार्यवाही पंजी, बैक पास बुक की सत्यापित छायाप्रति के साथ आवेदन आवेदन पत्र दिनांक 15/04/2025 तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर में जमा कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी।

(जे.आर. सतरंज)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर

जी-252600015/2

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**शासन द्वारा शराब बिक्री हेतु दुकान / भवन को भाडे पर लिए जाने बाबत लघु निविदा सूचना**

दिनाँक 30/03/2025

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि छ.ग. राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकान पत्थलगांव के लिए किराए पर दुकान/भवन की आवश्यकता है। अत: देशी/विदेशी मदिरा दुकान पत्थलगांव के लिए नगर पंचायत पत्थलगांव की भौगोलिक सीमा में सामान्य प्रयुक्त नियमों के अंतर्गत आपतिरहित स्थल पर किराये पर दुकान/भवन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म जिला आबकारी कार्यालय सह जिला प्रबंधक सी. एस. एम. सी. एल. जिला- जशपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30.04.2025 समय सायं 5.30 बजे तक है।

कलेक्टर
जिला-जशपुर (छ.ग.)

जी-252600010/1

**कार्यालय, मुख्य विद्युत निरीक्षक छ.ग. शासन 'बी' ब्लॉक, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटलनगर (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 0771 – 2331482, Email- ceiraipur@gmail.com

**पर्यवेक्षक परीक्षा 2025**

छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विनियम) 1960 (अनुकूलन 2000) के प्रावधानानुसार पर्यवेक्षक सक्षमता प्रमाण पत्र (पर्यवेक्षक परीक्षा 2025 ) के लिए आवेदन पत्र दिनांक 01/04/2025 से 30/04/2025 तक कार्यालयीन दिवस में इस कार्यालय द्वारा नि:शुल्क प्रदाय किया जावेगा।

पर्यवेक्षक परीक्षा हेतु पूर्ण भरा आवेदन पत्र डाक द्वारा या सीधे कार्यालय में दिनांक 01/04/2025 से 30/04/2025 तक कार्यालयीन दिवस में जमा किया जा सकता है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30/04/2025 है, विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

( डी.पी. सिंह)
सचिव
छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत)

जी-252600014/2

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER HASDEO BARRAGE W/M DIVISION, RAMPUR/ KORBA (C.G.)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(SECOND CALL)**

NIT No.: 07/SAC/2024-25 Dated: 01-04-2025

Online Tenders are invited for the following works up to 21/04/2025 at 17.30 Hour

| System Tender No | Name Of Work | Amount |
|---|---|---|
| System No-166400 | Repair of C.C. Lining of Hasdeo Right Bank Canal from R.D.5 K.M to R.D. 10 K.M. under Hasdeo Bango Project at Korba Distt. | Rs.286.45 Lakhs Tender invited As Per SOR of August 2022 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in)_from_Date 08/04/2025, at 17.31 Hours.(IST) onwards.

NOTE :- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://cproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Other terms and condition of this tender visit WRD website https://eproc.cgstate.gov.in under Live Tender available.

Other terms and condition of this tender visit WRD website https://eproc.cgstate.gov.in under Live Tender available.

Execute Engineer
Hasdeo Barrage W/M Division,
Rampur/ Korba (C.G)

G-252600024/2

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय-रायगढ़ (छ.ग.)**
E-mail: gmcraigarhhospital@gmail.com

क्रमांक/2890 /चिकि./क्रय/2025-26 रायगढ़ दिनांक : 01 APR 2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ (छ.ग.) की ओर से चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के उपचार हेतु चिकित्सालय में उपलब्ध Blood & Tissue Investigation अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के Blood & Tissue Investigation स्थानीय स्तर में कराये जाने हेतु रायगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories (NABL) से मान्यता प्राप्त इच्छुक लैब से उनके प्रचलित ( Recent) दर में छूट के आधार पर न्यूनतम दर प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। दर प्रस्ताव बंद लिफाफे में दिनांक 02.05.2025 समय दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालयीन पते पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट अथवा पी.एन.टी. विभाग से अधिकृत कोरियर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। प्रस्ताव उसी तिथि को सायं 04:00 बजे क्रय समिति एवं उपस्थित प्रतिनिधि के समक्ष प्राप्त दरें खोली जावेगी। दर निर्धारण उपरान्त अनुमोदित न्यूनतम दरों पर अन्य प्रतिभागी इच्छुक लैबों को उनके सहमति के आधार पर न्यूनतम दर मिलान कर संबंधित जांच कार्य कराया जा सकेगा। किसी भी परिस्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय
चिकित्सालय रायगढ़ (छ.ग.)

जी-252600022/1

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 166274 प्रथम आमंत्रण 24.03.2025 | जिला सूरजपुर के बड़कापारा-पंपापुर-कोट-पटना मार्ग लं. 9.70 कि.मी. का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य। | 2074.80 |
| 2 | 166278 प्रथम आमंत्रण 24.03.2025 | जिला कबीरधाम के कवर्धा बायपास (पुराना) मार्ग लंबाई 1.30 कि. मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 399.14 |
| 3 | 166309 द्वितीय आमंत्रण 26.03.2025 | जिला रायगढ़ के रायगढ़ बायपास, गोवर्धनपुर रामपुर मार्ग में केलो नदी पर निर्मित पुल के स्लैब के पुर्ननिर्माण हेतु कार्य। | 235.75 |
| 4 | 166310 चतुर्थ आमंत्रण 26.03.2025 | जिला कोरिया के गिरवानी से डौकाडांड पहुंच मार्ग लंबाई 4. 436 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 666.86 |
| 5 | 166316 प्रथम आमंत्रण 26.03.2025 | मारडूम से करलाकोंटा मार्ग लंबाई 7.81 कि.मी. का पुल - पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 778.19 |
| 6 | 166339 प्रथम आमंत्रण 27.03.2025 | जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत आमगांव रावसवाही पाण्डेपारा मार्ग लंबाई 5.100 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 928.51 |
| 7 | 166347 तृतीय आमंत्रण 27.03.2025 | शासकीय डी.के. कॉलेज बलौदाबाजार में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक (08 लेन 400 मीटर एवं 8000 वर्गमीटर) का निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग जमा मद कार्य। | 898.68 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क. 04 एवं सं.क. 07 दिनांक 08.04.2025, सं.क्रं. 05 से सं.क. 06 दिनांक 21.04.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 15.04.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-252600001/2

**कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़**
Phone No. 0771-2263708, Fax No. - 2262558,
www.tribal.cg.gov.in, Email-prayas.ctd@gmail.com

क्रमांक /प्रयास/160/2024-25/20 नवा रायपुर, दिनांक 01/04/2025

**विज्ञप्ति**

**विषय:- मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि का प्रकाशन बाबत।**

प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्राक्चयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail पर क्लिक करके दिनांक 03.04.2025 से दिनांक 20.04.2025 तक डाउनलोड कर सकते है।

परीक्षा तिथि का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | तिथि | समय से | समय तक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परीक्षा तिथि को उपस्थिति / रिपोर्टिंग | 20.04.2025 दिन-रविवार | प्रात: 9:00 बजे | - |
| 2 | कक्ष परीविक्षक (Invigilator) द्वारा परीक्षार्थी के OMR Sheet भराया जाना। | 20.04.2025 दिन-रविवार | प्रात 09:30 से | प्रात 10:00 तक |
| 3 | परीक्षा प्रारंभ एवं समाप्ति का समय | 20.04.2025 दिन-रविवार | प्रात: 10:00 बजे से | दोपहर 01:00 बजे तक |

विद्यार्थियों हेतु अनिवार्य निर्देश:- 1. परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग 01 घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहे, जिससे उनके मूल पहचान से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सकें। 2. परीक्षार्थी सम्पूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णत: डाउनलोड करें और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के दो फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। 3. परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जावें। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। 4. परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी प्रूफ जैसे आधार कार्ड/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र इत्यादि परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जावेगा। 5. परीक्षार्थियों केवल नीले/काले बॉलपाईंट पेन का उपयोग करेंगे। 6. परीक्षार्थियों को कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पर्स, पाउच, स्कार्फ अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री ले जाया जाना पूर्णत: वर्जित है। 7. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती है तो संबंधित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कलेक्ट्रेट से प्रात: 10:00 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते है।

(पदुम सिंह एल्मा)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.

जी-252600027/2

**संसद में इस विधेयक को लेकर जमकर संग्राम** | **विपक्ष के नेताओं ने सरकार की मंशा पर उठाए सवाल** | **सत्तापक्ष के सांसदों ने विपक्ष को लिया आड़े हाथों**

# विपक्ष ने वक्फ संशोधन बिल को कहा संविधान विरोधी तो सत्ता पक्ष ने बताया इसे 'एक उम्मीद'

*लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान एनडीए और विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के गुटों के सदस्यों के बीच जोरदार बहस देखने को मिली है। कांग्रेस और तमाम विपक्षी दलों के आरोपों पर भाजपा और एनडीए दलों की तरफ से जवाब दिया गया है।*

## सरकार ने वक्फ प्रॉपर्टी पर मुकदमों के लिए रास्ता खोल दिया : कांग्रेस



चर्चा के दौरान, कांग्रेस सांसद और इमरान मसूद ने कहा, 'डब्ल्यूएएमएसआई पोर्टल का बार-बार जिक्र हो रहा था...10 साल बहुत लंबा समय होता है। आप 10 साल में सभी संपत्तियों का पंजीकरण नहीं कर सके...आप 10 साल में यह काम नहीं कर सके लेकिन अब आप कहते हैं कि संपत्तियों का पंजीकरण 6 महीने के भीतर करना होगा और अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो वे संपत्तियां अब वक्फ की नहीं रहेंगी। पंजीकरण कौन करेगा? आपके अधिकारी। जब यह 10 साल में नहीं किया जा सका तो 6 महीने में कैसे किया जाएगा? यह एक संविधान विरोधी विधेयक है।' मसूद ने कहा कि इस बिल के जरिए सरकार ने वक्फ प्रॉपर्टी पर मुकदमों के लिए रास्ता खोल दिया।

### 'जिसका एक भी मुस्लिम सांसद नहीं वह ला रही बिल : डीएमके



चर्चा के दौरान डीएमके सांसद ए राजा ने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि एक ऐसी पार्टी, जिसके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है, वह अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह बिल ला रही है। 'बीजेपी में कोई भी मुस्लिम सांसद नहीं है जो इस बिल को पेश कर सके या इसके मकसद का समर्थन कर सके और अब वही हमें धर्मनिरपेक्षता की सीख दे रहे हैं।'

### बिल मुस्लिमों के अधिकारों को छीनने का प्रयास : टीएमसी



वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को लेकर सदन में बोलते हुए टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार यह बिल लाकर गलत कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि यह मुस्लिमों के अधिकारों को छीनने का प्रयास है जो असंवैधानिक है। यह अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ठीक नहीं है। सरकार को इस बिल को वापस लेना चाहिए।

### अधिकारों का हनन देश भुगतेगा नतीजे : पीडीपी



पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किए जाने पर कहा, "मुसलमानों के खिलाफ भाजपा ने पिछले 10 सालों से जो कार्रवाई शुरू की है यह उसी का हिस्सा है अब वे वक्फ संशोधन विधेयक लाकर हमारी संपत्तियों पर कब्जा करना चाहते हैं। भाजपा सरकार मुसलमानों के अधिकारों का हनन कर रही है इसका नतीजा आने वाले समय में पूरे देश को भुगतना पड़ेगा।"

## यह विधेयक नहीं बल्कि एक उम्मीद है- भाजपा



भाजपा की तरफ से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा - 'यह विधेयक नहीं बल्कि उम्मीद (एकीकृत वक्फ प्रबंधन सशक्तिकरण, दक्षता और विकास) है। इस उम्मीद में सशक्तिकरण, दक्षता और विकास है। इसे देखते हुए देश की जनता इसका समर्थन कर रही है। कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया, चर्च ऑफ भारत, केरल काउंसिल ऑफ चर्चेज और केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल, ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जैसे कई संगठनों ने इसका समर्थन किया है। मैं इसके लिए उनका धन्यवाद करता हूं। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा- वक्फ में संशोधन का समय आ गया है क्योंकि यह अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है।

### वक्फ की प्रापर्टी पर कितने जनहित के काम हुए : रविशंकर

लोकसभा में सरकार ने बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया। बीजेपी की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने जोरदार तरीके से बिल का समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ के पास आठ लाख संपत्ति है, जिसमें कब्रिस्तान, मस्जिद शामिल हैं। आखिर वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर कितने स्कूल, अस्पताल बने, कितने स्किल सेंटर, अनाथालय खुले? कितने बेटियों, बहनों, विधवा को सिलाई-कढ़ाई सिखाई गई? रविशंकर ने पिछले दिनों नीतीश कुमार के इफ्तार पार्टी से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के बहिष्कार का भी मुद्दा उठाते हुए दो टूक कहा कि आपके वो दिन लद गए, जब वीटो लगाते थे।



### लोकसभा की बिल्डिंग और राष्ट्रपति भवन को बचा लिया : जदयू

चर्चा के दौरान जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने बिल का सपोर्ट करते हुए कहा, 'आज का कानून क्या है। सुबह किरेन रिजीजू जो भाषण दे रहे थे कि धारा 40 को खत्म कर दिया हमने. धन्यवाद के पात्र हैं किरेन रिजीजू साहब जी।



इन्होंने लोकसभा की बिल्डिंग और राष्ट्रपति भवन की बिल्डिंग को बचा लेने का काम किया। वरना वक्फ कह देता ये भी मेरे वक्फ की संपत्ति है। ऐसा कौन सा कानून है देश में कि वक्फ ने जिस पर रख दिया हाथ और ये उसकी संपत्ति हो गई।' उन्होंने जेडीयू पर सेक्यूलरिज्म को लेकर कांग्रेस की ओर से बार-बार दिए जा रहे बयानों का भी जवाब दिया।

### अल्पसंख्यक का होगा कल्याण : टीडीपी

टीडीपी सांसद कृष्ण प्रसाद टेनेटी ने विधेयक के समर्थन में बोलते हुए कहा, "इस विधेयक को आकार देने में टीडीपी की भूमिका मुस्लिम और अल्पसंख्यक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारी पार्टी के गठन के बाद से अल्पसंख्यकों का कल्याण सुनिश्चित करना हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

## अखिलेश ने हंसते-हंसते किया तंज तो शाह ने भी मुस्कुरा कर दिखा दिया आईना



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन पर मजेदार नोकझोंक, सदन में लगे ठहाके

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

लोकसभा में वक्फ डिबेट के दौरान अखिलेश यादव और होम मिनिस्टर अमित शाह के बीच चर्चा हुई, जिस पर खूब ठहाके भी लगे। अखिलेश यादव ने भाजपा पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि जो पार्टी खुद को दुनिया का सबसे बड़ा दल मानती है, वह अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पा रही है। अमित शाह ने उनके इस बयान पर जवाब दिया और बीच भाषण में खड़े हो गए। उन्होंने कहा, 'अखिलेश यादव ने मुस्कुराते हुए बात कही है। मैं भी इस पर हंसते-हंसते जवाब देता हूं। यहां जितनी भी पार्टियां हैं। वहां 5 लोगों को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना है। इसलिए जरा भी देर नहीं लगती। हमारे यहां 12 करोड़ लोग मिलकर चुनाव करते हैं। इसलिए देर हो जाती है। आपके यहां जरा भी देर नहीं लगेगी। मैं कह देता हूं कि आप 25 साल तक अध्यक्ष हो, नहीं बदलने वाला।'

### हाथ जोड़ते नजर आए अखिलेश

अमित शाह के इस जवाब पर खूब ठहाके लगे। यही नहीं अखिलेश यादव भी हंसते हुए हाथ जोड़ते नजर आए। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि जो बात निकलकर आई, उसे मैं और आगे बढ़ा दूं। उन्होंने कहा कि अभी जो एक यात्रा हुई है, वह कहीं 75 साल के बाद के एक्सटेंशन को लेकर की गई यात्रा तो नहीं है।

### नोटबंदी का भी आया जिक्र

अखिलेश यादव ने इस दौरान नोटबंदी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह भी सरकार की नाकामी थी। आज तक कहां-कहां कितना रुपया पकड़ा जा रहा है। कई बार तो डर लगता है कि भाजपा के लोग कहीं किसी और के यहां पैसे रखवाकर उसे न पकड़वा दें। इन लोगों ने गांवों को गोद लिया था, लेकिन कहीं कोई विकास नहीं हुआ। क्या उन गांवों को गोद से उतार दिया गया। आज उनकी क्या दुर्दशा है। अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बोर्ड से मुसलमानों को लेकर फैसला हो रहा है, उनकी ही सहमति नहीं ली जा रही है। उन्होंने कहा कि धर्म को कारोबार में न बदला जाए। बेगुनाह लोगों पर एफआईआर की जा रही हैं।

---

केंद्रीय कानून मंत्रालय बना रहा 785 सायंकालीन अदालतों की योजना

# देशभर में अब शाम को भी लगेंगी जिला अदालतें!

**खास बातें**

- इसके अधीन मामूली आपराध के मामलों पर होगी सुनवाई
- अधिकतम तीन साल की सजा का प्रावधान वाले मामलों पर रहेगा जोर



एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

देश भर की जिला अदालतों में लंबित मामलों के भारी बोझ को कम करने के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय देश में 785 सायंकालीन अदालतों के काम करने की योजना बना रहा है। योजना के मुताबिक, मौजूदा अदालत परिसरों में ही शाम के समय ये सायंकालीन अदालतें काम करेंगी। इसके अधीन मामूली आपराध के मामले, मामूली संपत्ति विवाद के मामले और चेक विवाद के मामलों समेत ऐसे संक्षिप्त सुनवाई वाले मामले होंगे जिनमें अधिकतम तीन साल की सजा का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार, इस संबंध में विधि मंत्रालय ने एक कॉन्सेप्ट नोट तैयार किया है, जिसे पिछले महीने सभी राज्यों को भेजा गया था। इस नोट में कहा गया है कि ऐसे सायंकालीन अदालतों में पिछले तीन वर्षों के भीतर रिटायर हुए जिला न्यायाधीशों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त करने का प्रस्ताव है। इस काम के बदले उन्हें देय भत्तों के साथ-साथ उनके अंतिम वेतन का 50% राशि बतौर पारिश्रमिक मिलेगी।

सरकार का क्या मकसद- अधिकारी ने कहा कि छोटे आपराधिक विवादों पर ध्यान केंद्रित करके, शाम की अदालतों से लंबित मामलों में उल्लेखनीय कमी लाकर सरकार वादियों के बीच निराशा दूर करने और न्यायपालिका में जनता का विश्वास बहाल करने की उम्मीद कर रही है। हिन्दुस्तान टाइम्स ने कॉन्सेप्ट नोट का अध्ययन किया है। यह योजना गुजरात के सफल मॉडल से प्रेरित है, जहां 2006 में सायंकालीनअदालतें शुरू की गईं थीं और बाद में 2014 में इसके तहत सुबह और शाम की पारिवारिक अदालतों को भी शामिल करते इसका विस्तार किया गया है।

### इस तरह के मामलों की होगी सुनवाई

प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि प्रस्तावित अदालतें तीन साल से अधिक समय से लंबित वैसे छोटे आपराधिक मामलों की सुनवाई कर सकेंगी, जिसमें तीन साल तक के कारावास के दंड का प्रावधान है। इसके बाद 6 साल तक के कारावास वाले मामले शामिल किए जाएंगे। ओडिशा कानून विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, प्रस्ताव में सीआरपीसी- 1973 की धारा 260, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता- 2024 की धारा 283 के तहत संक्षिप्त सुनवाई और निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट के तहत चेक डिजॉनर के मामले, सार्वजनिक उपद्रव के मामले और मामूली संपत्ति विवाद की सुनवाई इन अदालतों में कराए जाने का प्रावधान है।

### देश में कितने मामले लंबित

बता दें कि देश की अदालतों में लंबित मामलों का अंबार है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 21 फरवरी तक कुल 4.60 करोड़ मामले लंबित थे, जिनमें से 1.09 करोड़ सिविल मामले और 3.5 करोड़ आपराधिक मामले थे। इनमें से 44.55% मामले तीन साल से अधिक समय से लंबित हैं। अकेले ओडिशा में, इस वर्ष मार्च के अंत तक जिला न्यायालयों में 14,225 आपराधिक मामले लंबित हैं। इन लंबित मामले का एक प्रमुख कारण न्यायिक अधिकारियों की कमी है।

# महाराष्ट्र : बस और जीप में जोरदार टक्कर, 5 यात्रियों की मौत, 24 घायल



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 24 से अधिक लोग घायल हैं। शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर सुबह 5:30 बजे तेज रफ्तार बोलेरो महाराष्ट्र सड़क परिवहन निगम (एसटी) की बस से टकरा गई। इसके बाद, एक यात्री बस भी दुर्घटनाग्रस्त इन वाहनों से भिड़ गई। पुलिस के मुताबिक, बोलेरो सवार शेगांव से कोल्हापुर जा रही थी। जबकि, एसटी कॉर्पोरेशन की बस पुणे से परवाड़ा जा रही थी। शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर इन दोनों वाहनों की टक्कर के बाद निजी यात्री बस भी भिड़ गई। पुलिस ने बताया कि हादसा बेहद गंभीर है। घायलों को खामगांव अस्पताल में भर्ती कराने के बाद यातायात बहाल करा दिया गया है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह ओवर स्पीड और ड्राइवर की लापरवाही समाने आई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में भी मंगलवार देर रात हादसा हुआ है। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। जिससे कार 50 मीटर तक घसीटी गई। जिससे उसमें आग लग गई। कार सवार दो लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, कार सवार 4 लोग नैनीताल से घूमकर हरियाणा के रोहतक स्थित घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई।

## फर्जी फार्मेसी रजिस्ट्रेशन के आरोप में 47 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक और बड़े घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। दिल्ली एंटी करप्शन ब्रांच ने फर्जी फार्मेसी रजिस्ट्रेशन रैकेट का भंडाफोड़ किया है। हजारों फार्मासिस्टों का अवैध पंजीकरण का मामला सामने आया है। बड़ी बात ये भी है कि इस घोटाले के आरोप में कुल 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# 'मुझे बहुत खेद है', कॉमेडियन कामरा ने मांगी बैंक कर्मी से माफी

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

कुणाल कामरा ने बुधवार को एक बैंककर्मी से माफी मांगी, जिसे मुंबई पुलिस द्वारा कॉमेडियन के खिलाफ दर्ज मानहानि मामले में गवाह के रूप में बुलाए जाने के कारण अपनी छुट्टी अधूरी छोड़कर लौटना पड़ा। पुलिस ने बुधवार को बताया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित तौर पर कटाक्ष करने के मामले में कॉमेडियन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसी को लेकर शो में शामिल होने वाले बैंकर को गवाह के तौर पर बुलाया गया है। नवी मुंबई के 46 वर्षीय एक बैंक कर्मचारी अपने 17-दिनों के अवकाश पर तमिलनाडु और केरल गए थे। उनकी यह यात्रा 21 मार्च से 6 अप्रैल तक की थी, लेकिन मुंबई पुलिस द्वारा गवाह के रूप में बुलाए जाने के बाद उन्हें अपनी छुट्टी बीच में ही छोड़कर वापस लौटना पड़ा।



### यह है पूरा मामला

यह मामला कामरा के एक शो में गाए गए पैरोडी गीत से जुड़ा है, जो कथित तौर पर एकनाथ शिंदे पर निशाना साधता है और उन्हें गद्दार कहने का संकेत देता है, हालांकि गाने में सीधे उनका नाम नहीं लिया गया था। इस घटना के बाद शिवसेना के नाराज कार्यकर्ताओं ने स्टूडियो में तोड़फोड़ भी की थी। इसके बाद कुणाल कामरा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 61से 75 /न.पा.नि./ लोनिवि/24-25
अम्बिकापुर दिनांक 01/04/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा जोन क्रमांक 01 से 05 तक में सड़क डामरीकरण, नाली, पुलिया एवं भवन तथा सीसी रोड निर्माण / मरम्मत - संधारण कार्यो हेतु ऑनलाईन वार्षिक निविदा (System Tender No. 166388, 166389, 166392, 166393, 166395, 166396, 166399, 166422, 166427, 166428, 166429, 166431, 166433, 166436 & 166438) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ. ग. शासन के ई - प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https:// eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**कार्यालय नगर पंचायत कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
ई-मेल : cmokota@rediffmail.com

क्रमांक /19/लो.नि.वि./ न.पं./2024-25 कोटा दिनांक 02/04/2025

**निविदा निरस्त की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एन.आई.टी. क्र. 1726 दिनांक 20.03.2025 को विभिन्न मद अंतर्गत निर्माण कार्य एवं सामग्री क्रय कार्यो की निविदा आमंत्रण सूचना जारी की गई थी; जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। सूचना जाने।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोटा

**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
Email ID - palika.kharsiya.cg@nic.in Email ID- palikakharsia@gmail.com

क्रमांक/07/लो.नि.वि./न.पा./2025 खरसिया, दिनांक 02/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद खरसिया के कार्यालय में वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न विभागों में कार्य करने हेतु प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय हेतु एकल पंजीयत में पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 166539 | नगरपालिका में कार्यालयीन कार्य, कम्प्युटर ऑपरेटर/पानी सप्लाई/साफ-सफाई एवं अन्य कार्य हेतु कुशल/अर्द्धकुशल/अकुशल श्रमिक प्रदाय हेतु | 135.32 | 102000.00 | 31 मार्च 2026 तक | प्रचलित कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाना होगा। |

नोट :-उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा प्रभारी से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in/ पर निविदा का अवलोकन / डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद खरसिया

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांपा जिला जांजगीर-चांपा**
E-Mail ID-cmochampa@rediffmail.com, cmochampa@gmail.com

क्रमांक/16/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 चांपा, दिनांक 02.04.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद चांपा अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत टाईड ग्राण्ट (जल प्रबंधन कार्य) मद से स्वीकृत कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 166523 | CONSERVATION OF R.C.C ELEVATED SERVICE RESERVOIRS OF 03 LAKH LITER CAPACITY AT WARD NO. 13 GHOGHRANALACHAMPA (First Call) | 48.56 | दिनांक 23.04.2025 समय 17:30 P.M. |
| 2 | 166525 | CONSTRUCTION OF WATER TREATMENT PLANT 2.50 MLD AT WARD NO. 01 (SURVEY, DESIGNING & OPERATION AND MAINTAINANCE). (First Call) | 184.58 | दिनांक 23.04.2025 समय 17:30 P.M. |
| 3 | 166526 | WATER BODY CONSERVATION AND WATER RECYCLING WORK OF BHIKHA TALAB WARD NO. 22. (First Call) | 35.47 | दिनांक 23.04.2025 समय 17:30 P.M. |
| 4 | 166528 | WATER BODY CONSERVATION AND WATER RECYCLING WORK OF MANJHALI TALAB WARD NO. 25. (First Call) | 51.48 | दिनांक 23.04.2025 समय 17:30 P.M. |

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal: https:// eproc.cgstate.gov.in मे डाउनलोड/देखी जा सकती है।
1. Physical Doc Submission End Date 29-04-2025 Time 15.30 pm
2. Bid Open Date (Scheduled) 01-05-2025 Time 11.00 am.
इस निविदा एवं निर्माण/विस्तार कार्य के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सप्रमाणपत्र प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि मे आपत्ति प्राप्त नही होने पर नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, चांपा

**कार्यालय, नगर पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक/01/लो.क.शा./न.पं/2024-25 पुसौर, दिनांक 01/04/2025

**ई-प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा Form - F में आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 166515 | Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Pusaur under SBM 2.0. | INR 127.97 Lakh | INR 1.50 Lakh (Rupees One Lakh Fifty Thousand only) TDR/FDR in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Pusaur. | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Pusaur. | Construction Period - 15 months (including rainy season) + 03 months of trial run (from the date of issuing of Work Order). | 01/05/2025 4.00 PM तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पुसौर

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### वक्फ बिल पर...

किया। इसे भी अस्वीकार कर दिया गया। एनके प्रेमचंद्रन ने मुतवल्ली को हटाने के संबंध में किए गए प्रावधान से जुड़े संशोधन पेश किए। हालांकि, इसे भी निरस्त कर दिया गया। इमरान मसूद ने एक और संशोधन का प्रस्ताव रखा। इसे भी ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया। केसी वेणुगोपाल की तरफ से प्रस्तुत संशोधन प्रस्ताव को भी ध्वनिमत से अस्वीकृत किया गया। इससे पहले, लोकसभा की चर्चा के आखिर में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू बोले। उन्होंने कहा कि विपक्ष वक्फ बिल को असंवैधानिक बता रहा है, लेकिन असंवैधानिक क्यों है इसके पीछे तर्क नहीं दे पा रहे। इसलिए मैंने उम्मीद छोड़ दी है कि वो लोग समझेंगे। रिजिजू ने आगे कहा कि बहुत कुछ तर्कहीन बातें कही गई हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि घड़ी में 12 बजे से ज्यादा का वक्त हो चुका है। साथ ही विपक्ष के 12 बज गए हैं। उन्होंने कहा कि ये मुस्लिम या इस्लाम विरोधी नहीं।

### शाह बोले- देश में...

कहा कि वक्फ में कोई भी गैर मुस्लिम सदस्य नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि आज देश में भ्रम फैलाया जा रहा है लेकिन हम उस पर स्थिति साफ कर देना चाहते हैं। शाह ने कहा कि आज जिस अर्थ में इसका उपयोग किया जाता है, वह है- अल्लाह के नाम पर संपत्ति का दान। अभी जो हम समझ रहे हैं, वह यह कि वक्फ इस्लाम के दूसरे खलीफा उमर के समय अस्तित्व में आया। वक्फ एक प्रकार का चैरिटेबल एंडोरमेंट है, जिसमें व्यक्ति पवित्र दान करता है। दान उसी चीज का किया जा सकता है जो हमारा है। इसमें सरकारी संपत्ति या किसी दूसरे की संपत्ति का दान नहीं किया जा सकता। शाह ने सभी तरह के भ्रम पर से पर्दा उठाते हुए कहा कि यह बिल वक्फ की संपत्ति के रख-रखाव के लिए है न कि वक्फ की जमीन पर कब्जा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि इससे बेरोजगार मुसलमानों को फायदा होगा। वक्फ की आय बढ़ेगी। शाह ने कहा कि लाखों एकड़ वक्फ की जमीन के बदले महज 126 करोड़ रुपये की आय हो रही है। शाह ने कहा कि कुछ लोग वक्फ की संपत्ति को चंद रुपयों में लीज पर देकर पांच सितारा होटल चलवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार साल में वक्फ बिल का फायदा लोगों के समझ में आ जाएगा।

### मैं गांधी की तरह...

जिस तरह गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में नस्लवादी कानूनों के खिलाफ खड़े होकर अन्यायपूर्ण कानून को अस्वीकार किया था, उसी तरह वह भी इस विधेयक को खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक असंवैधानिक है और वह इसे संसद में ही फाड़कर विरोध दर्ज कर रहे हैं।

### शराब घोटाले में ...

जेल में बंद हैं। ईओडब्लू द्वारा रिमांड पर लिए जाने के बाद कवासी लखमा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं गरीब आदमी हूं, बस्तर की आवाज उठाई, तो सरकार मुझे परेशान कर रही है। **इन आरोपों के तहत लखमा की गिरफ्तारी -** ईडी के आरोपों के तहत पूर्व आबकारी मंत्री, विधायक कवासी लखमा शराब घोटाला मामले की अहम कड़ी होने के साथ सिंडिकेट का अहम हिस्सा थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले को अंजाम दे पाया। ईडी के आरोपों के मुताबिक शराब नीति बदलने में कवासी लखमा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। तत्कालीन आबकारी मंत्री ने राज्य में एफएल-10 लाइसेंस की शुरुआत की थी। ईडी के दावों के मुताबिक शराब घोटाले की कवासी लखमा को पहले से जानकारी थी, लेकिन उन्होंने इसे रोकने कोई उपाय नहीं किए। **कमीशन से मकान, कांग्रेस भवन बनवाने का आरोप**-ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के मुताबिक राज्य में तीन साल से शराब घोटाला जारी रहा। वकील के अनुसार शराब घोटाला से कवासी लखमा को हर माह दो करोड़ रुपए मिलते थे। कवासी लखमा पर तीन साल में शराब घोटाले से 72 करोड़ रुपए कमाने का आरोप है। कवासी लखमा पर घोटाले की रकम से अपने बेटे हरीश का मकान निर्माण कराने के साथ सुकमा तथा कोंटा में कांग्रेस भवन निर्माण करने पैसा देने का आरोप है।

### फोर्स के निशाने...

लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं। नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने प्रेसनोट जारी करते हुए शांति वार्ता की मांग की है। उन्होंने केन्द्र सरकार से ऑपरेशन कगार को रोकने का आग्रह किया गया है। उनका दावा है कि इस ऑपरेशन के नाम पर आदिवासी समुदायों के खिलाफ काफी हिंसा हुई है। वे सुरक्षा बलों की वापसी और आतंकवाद विरोधी अभियानों को रोकने की मांग करते सात बिन्दुओं में अपनी शर्तें रखी हैं। शर्त के मुताबिक केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान करते हुए लिखा है कि शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और सीपीआई (माओवादी) दोनों से बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हैं। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कगार नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हिंसा, हत्याएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुई हैं। हताहतों की संख्या और मानवाधिकार उल्लंघन करते हुए 15 माह में 400 से अधिक माओवादी नेता, कार्यकर्ता और आदिवासी नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं। शांति वार्ता के लिए माओवादियों की शर्तें प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों से सुरक्षा बलों की तत्काल वापसी की जाए। सरकार पर क्रांतिकारी आंदोलनों को दबाने के लिए आदिवासी समुदायों के खिलाफ नरसंहार युद्ध छेड़ने का आरोप है। नागरिक क्षेत्रों में सैन्य बलों के उपयोग को असंवैधानिक बताया जाता है। सीपीआई (माओवादी) ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया। शांति वार्ता के लिए गति बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का अनुरोध किया गया।

### बातचीत के लिए...

प्रतिनिधि और वार्ता की शर्तों को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना होगा। उल्लेखनीय है कि माओवादियों ने पत्र जारी कर संघर्ष विराम और शांति वार्ता का आह्वान किया है। जवानों को भारी पड़ता देख सीपीआई केंद्रीय समिति ने भारत सरकार से ऑपरेशन कागर को रोकने का आग्रह किया है। साथ ही शांति वार्ता के लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं। नक्सलियों ने यह पत्र तेलगु भाषा में जारी किया है। श्री शर्मा ने इस पर कहा, वार्ता का स्वरूप आईएसआईएस जैसी किसी कट्टरपंथी विचारधारा की तर्ज पर नहीं हो सकता। यदि कोई चर्चा करना चाहता है, तो उसे भारतीय संविधान की मान्यता स्वीकार करनी होगी। अगर संविधान को नकारते हैं और समानांतर व्यवस्था थोपने की कोशिश करते हैं, तो वार्ता का कोई औचित्य नहीं रहता। **संविधान का हर गांव में क्रियान्वयन**-उन्होंने बताया कि पिछले 1 से डेढ़ वर्षों में 40 गांवों में पहली बार तिरंगा फहराया गया है, जहां पहले तक नक्सली कानून थोपने की कोशिश करते थे। उन्होंने कहा, अब राज्य के सभी गांवों में तिरंगा लहराना और भारतीय संविधान का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, यदि नक्सली वार्ता को लेकर गंभीर हैं तो उन्हें अपनी ओर से वार्ता के लिए समिति बनानी चाहिए। अब यदि वे बातचीत करना चाहते हैं तो उन्हें स्पष्ट प्रस्ताव के साथ आगे आना होगा। सरकार का रुख साफ है, बातचीत के दरवाजे खुले हैं, लेकिन हिंसा और खूनखराबे पर कोई समझौता नहीं होगा। नक्सलियों को हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण करना होगा, तभी कोई सार्थक समाधान संभव है। **आत्मसमर्पण करें, पुनर्वास पाएं**-उपमुख्यमंत्री ने यह फिर दोहराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अब तक की सबसे बेहतर पुनर्वास नीति लागू की है। जो भी नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उन्हें इस नीति के तहत सुरक्षा, पुनर्वास और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे7 सरकार चाहती है कि जो लोग भटके हुए हैं, वे समाज में वापस आएं और एक व्यवस्थित जीवन जीएं।

### अमेरिका ने ...

अमेरिका एक लंबे समय से विदेशी राष्ट्रों द्वारा लूटा और छला गया। हमारे पड़ोसी और दूर बैठे देश, मित्र और शत्रु दोनों ने हमारी सम्पत्ति को लूटा। अमेरिकी स्टील वर्कर्स, ऑटो वर्कर्स, किसान और कारीगर, जिनमें से कई यहां हमारे साथ हैं। इस स्थिति का गहरा अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने विदेशी नेताओं को हमारे रोजगार चुराते, विदेशी धोखेबाजों को हमारे इंडस्ट्री का शोषण करते और विदेशी अपहरणकर्ताओं को हमारे सुंदर अमेरिकी सपने को नष्ट करते देखा है। मेरे विचार में यह दिन अमेरिका के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। यह आर्थिक स्वतंत्रता की घोषणा है. वर्षों की मेहनत करने के बावजूद अमेरिकी नागरिकों का योगदान हमारे लिए कम था, लेकिन अब हमारे समृद्ध होने का समय आ गया है। **यह आर्थिक आजादी का दिन- ट्रंप**-अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण दिन है। यह आर्थिक आजादी का दिन है। हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं, यानी जो देश हम पर जैसा शुल्क लगा रहा है हम भी उनके साथ वैसा ही करेंगे।

### 117 साल बाद...

करते हुए इस संबंध में विधेयक पारित करवाया है। यह अधिनियम अब रजिस्ट्रीकरण ( छत्तीसगढ़ संशोधन) अधिनियम 2025 कहलाएगा। इस अधिनियम को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त होने के बाद यह राज्य में लागू हो जाएगा।

### 36 निगम...

को अध्यक्ष छग राज्य तेलघानी विकास बोर्ड, प्रफुल्ल विश्वकर्मा को छग लौह शिल्पकार विकास बोर्ड, प्रहलाद रजक को अध्यक्ष छग रजककार विकास बोर्ड, ध्रुव कुमार मिर्धा को अध्यक्ष छग चर्म शिल्पकार बोर्ड, शशांक शर्मा को अध्यक्ष संस्कृति परिषद, भरतलाल मटियारा को अध्यक्ष छग मछुआ कल्याण बोर्ड, डॉ. लखनलाल धीवर को उपाध्यक्ष छग मछुआ कल्याण बोर्ड, राजा पांडेय अध्यक्ष छग पाठ्य पुस्तक निगम, राजीव अग्रवाल को अध्यक्ष छग स्टेट इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, नीलू शर्मा को अध्यक्ष पर्यटन मंडल, सुरेश कुमार चंद्रवंशी को अध्यक्ष छग राज्य कृषक कल्याण परिषद, चंद्रहास चंद्राकर को अध्यक्ष राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम, संदीप शर्मा को अध्यक्ष छग राज्य खाद्य आयोग, चंदूलाल साहू को अध्यक्ष छग राज्य भंडार गृह निगम, अनुराग सिंहदेव को छग गृह निर्माण मंडल, केदार नाथ गुप्ता को अध्यक्ष छग राज्य दुग्ध महासंघ मर्यादित रायपुर, संजय श्रीवास्तव को अध्यक्ष छग स्टेट सिविल सप्लाइज कारपोरेशन, नंदकुमार साहू अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण, रामप्रताप सिंह अध्यक्ष छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, योगेशदत्त मिश्रा को अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल, श्रीनिवास राव मद्दी को अध्यक्ष छग राज्य वित्त आयोग, रामसेवक पैकरा को अध्यक्ष छग राज्य वन विकास निगम, दीपक महस्के को अध्यक्ष छग मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड और विकास मरकाम को अध्यक्ष छग आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड में नियुक्ति दी गई है।

### घर बनवाने का...

10 लोग घायल हो गए। इनमें एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। मीडिया में आई इस खबरों पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने खुद संज्ञान लिया। चीफ सेक्रेटरी सहित अन्य को पक्षकार बनाया गया है। इस मामले में पुलिस ने डीजे संचालक, ड्राइवर और आयोजनकर्ताओं के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। वहीं, डीजे संचालक और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि आयोजनकर्ताओं में 4 नामजद हैं, जो घटना के बाद से फरार हैं। हालांकि दर्ज एफआईआर में पुलिस ने बताया है कि मेटाडोर के टकराने से छज्जा गिरा है।

**कमेटी तो बनी लेकिन दिखावे की कार्रवाई-** हाईकोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन ने तेज आवाज में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया है।लेकिन, इसका पालन नहीं हो रहा है। अभी भी हर जगह तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाए जा रहे हैं। शादी समारोह और अन्य आयोजनों में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बज रहे हैं। मल्हार में हुई घटना इसका प्रमाण है। हालांकि, निगरानी करने के लिए 6 माह पहले टीम बनाई गई थी। इस टीम को डीजे संचालकों पर नजर रखने कहा गया था कहीं भी क्षमता से अधिक आवाज में डीजे बजने पर जब्ती की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं लेकिन होता कुछ नहीं।

### विधायक देवेंद्र सहित...

यादव सहित छह लोगों के खिलाफ खिलाफ बलौदा बाजार पुलिस ने धारा 120-बी सहपठित धारा 147, 148, 186, 353, 332, 333, 307, 435, 436, 341, 427 भादसं एवं धारा 3, 4 लोक सम्पत्ति की क्षति का निवारण अधिनियम 1984 एवं धारा 109 सहपठित धारा 147, 148, 186, 353, 332, 333, 307, 435, 436, 341, 427 भादसं एवं धारा 3, 4 लोक सम्पत्ति की क्षति का निवारण अधिनियम 1984, 153 ए सहपठित धारा 120-बी, धारा 505 (1) (ख), सहपठित धारा 120-बा, 505 (1) (ग), सहपठित धारा 120-बी के तहत पुलिस ने अपराध दर्ज कर चालान प्रस्तुत किया था।

### लोन नहीं मिलने...

देखे और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच से 17.7 किलो सोना चोरी कर लिया। डकैती डालने से पहले विजय कुमार ने अपने 5 साथियों के साथ मिलकर बैंक की रेकी भी की। पुलिस को इन आरोपियों को पकड़ने में इसलिए भी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि आरोपियों ने फोन का इस्तेमाल बंद कर रखा था और खोजी कुत्तों को भटकाने के लिए उन्होंने वारदात वाली जगह पर मिर्च पाउडर छिड़क दिया था। मामले में आरोपियों को पूरे 5 महीने बाद पकड़ा जा सका है। मुख्य आरोपी विजय कुमार तमिलनाडु के मदुरै का रहने वाला है। विजय और उसके साथियों ने किसी अपराध को पहली बार अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके पास से डकैती का 17.7 किलो सोना बरामद कर लिया है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुटमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभग्न, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** तत्काल भर्ती सिक्युरिटी गार्ड-50, सिक्युरिटी सुपरवाइजर (बेसिक कंप्यूटर नॉलेज) 10 फील्ड ऑफिसर-5, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ हेतु चाहिए। कम्प्यूटर आपरेटर-2, कम्प्यूटर बेसिक नॉलेज। वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क- बुधवारी बाजार बिलासपुर 84618 81111 (37288)

**आवश्यकता है-** प्रिंटिंग प्रेस में कार्य करने हेतु हेल्पर बाईंडिंग/ मशीन में कार्य करने के इच्छुक को प्राथमिकता सम्पर्क करें- अंकुर प्रिंटर्स, बृहस्पति बाजार बिलासपुर 9827170543 (37287)

**आवश्यकता है-** रामवैली कॉलोनी में इलेक्ट्रीशियन- 2 (योग्यतानुसार 8-10 हजार) ऑफिस असिस्टेंट-2 (योग्यतानुसार 8-10 हजार) सुरक्षा गार्ड-2 (योग्यतानुसार 8000) माली- 2 (योग्यतानुसार 8000) सुरक्षा सुपरवाइजर- 1, (योग्यतानुसार 10000) सम्पर्क करें- 9826196147, 8770153142 (37286)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। कम्प्यूटर जानकार को प्राथमिकता सम्पर्क करें- दोपहर 3.30 से 5.30 तक। ए.के. अग्रवाल एण्ड कम्पनी, मोहरा बिल्डिंग जूनीलाइन बिलासपुर 94255 30647 (कृपया 11बजे के पहले फोन ना करें) (37289)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वाय। योग्यता 12वीं, वेतन 9000- 10000 पता- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी, गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर (37277)

**आवश्यकता है-**इंदौर मध्य प्रदेश में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th, 12th, ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000+ कमीशन, बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 7898882634, 74154 55110 (311)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर राजकिशोर नगर में ओला एवं ट्रेवल्स में कार चलाने हेतु 3 ड्राइवरों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- 8109400008, 9243958051 (37291)

**आवश्यकता है-**टेन्ट हाउस में काम करने के लिए कम्प्यूटर जानकार सुपरवाइजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8001975775, 85169 86000 (37263)

**आवश्यकता है-** घर में झाड़ू पोछा कपड़ा बर्तन करने हेतु पूर्ण समय हेतु बाई चाहिए कार्य समय सुबह 8 से शाम 7 बजे तक सम्पर्क करें- रामा वर्ल्ड, रायपुर रोड बिलासपुर 99672 99365 (37293)

**आवश्यकता है-** जनरल दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को एवं लड़कियों और अच्छे सेल्समेन की भी जरूरत है पेमेट भरपुर दिया जायेगा। सुनील प्लास्टिक तेलीपारा अजीत होटल के सामने बिलासपुर (37292)

**आवश्यकता है-** (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के, लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 (37281)

**आवश्यकता है-** सुपर मार्केट में पैकिंग हेल्पर, घरेलू काम हेतु (M/F) (समय 9.30- 8) सैलरी 6000- 9000 (अनुभवी को प्राथमिकता) पता- फॉर्मर्स प्राइड ऑर्गेनिक स्टोर मेन रोड नेचर सिटी, सकरी 7225849081, 79875 51332 (37273)

**आवश्यकता है-** एकाउंटेंट कम टैली ऑपरेटर (फीमेल) ऑफिस ब्वाय- 3पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग अनलोडिंग ऑटो चालक एवं सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 95754 88884 (37278)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बजाज रोप सेन्टर गोल बाजार बिलासपुर (37274)

**आवश्यकता है-**अनुभवी नशा मुक्त कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 15000 प्रति माह सम्पर्क करें- लक्ष्मण सीमेंट, सदर बाजार, करोना चौक बिलासपुर (37265)

**आवश्यकता है-** थोक सब्जी मंडी में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर- 1, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर- 1, होटल कार्य हेतु सुरक्षागार्ड चाहिए वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुबह 10 से दोप. 2बजे तक 9893599044 (37276)

**आवश्यकता है-** गोदरेज कंज्यूमर में बिलामपुर शहर के लिये (DSR) सेल्समैन/ सेल्सगर्ल की आवश्यकता हे अनुभवी ही सम्पर्क करें- 98274 99306 (37280)

**आवश्यकता है-**पुस्तक दुकान में हार्डवर्क हेतु 18 से 30वर्ष का पुरुष कर्मचारी चाहिए बिलासपुर निवासी को प्राथमिकता पता- देवांगन बुक स्टाल सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स, मारुति शोरूम के पास बिलासपुर 9300227355 (37262)

